तीर्थ नाम कारक पर्वत, उच्छत्रक कासुन्द, उज्जयन्त, चित्रह्रद, सुह्रद, केतुमान्, मणिमान्, काभीर सुनाभ, चक्रनाभ, गोमान्, धेनुमान्, व्याघ्रवान्, पुष्पक, वैतरण पर्वत, श्यामक, वृषभ, चक्रनेमि, सुनेमि, चक्र पर्वत, चन्द्र, द्रोण, काकन्द, ककन्द, स्कन्द, कुञ्ज, निकुञ्ज, मुकुन्द, खण्डक, शिवकूट, सुबेल, पारियात्र, मृगेन्द्रशिखर, चन्दनागिरि तथा मणिधातु पर्वत, जिससे मणिमती (मनोहरा = मनारा) नदी निकली ॥ १८-१९-२०-२१-२२-२३॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

हिरण्यकशिपुं हत्वा लीलया कामरूपधृक् ।
नरसिंहो मृगो भूत्वा तस्मिन्नद्रौ चचार ह ॥२५॥
मृगमध्ये प्रधानत्वान्मृगेन्द्र इति कीर्त्यते ।
मृगेन्द्रशिखरो नाम तेनैव विश्रुतो गिरिः ॥२६॥
तस्य मूर्ध्नि मृगोऽद्यापि दृश्यतेऽस्मिञ्छिलातनुः ।
शृङ्गाधिरोहणात्तस्य तुष्यते पुरुषोत्तमः ॥२७॥
तस्य प्रस्थं समाश्रित्य सूर्यकेतुर्नराधिपः ।
समानुषेण देहेन सूर्यलोकमवाप्तवान् ॥२८॥

भीष्म उवाच—

कस्मिन्द्वीपेऽभवच्छ्रीमान् सूर्यकेतुर्नराधिपः ।
कस्योपदेशाच्छैलेन्द्रं हिमवन्तं समाश्रितः ॥२९॥

इत्यादि सिद्धोंके आश्रय एक सौ शुभ पर्वत स्वरूप पुत्रोंको हिमवानने लाभ कीया। हे सुव्रत ! भीष्म ! अब मृगेन्द्रशिखरका वर्णन करेंगे ॥२४॥ हिरण्यकशिपुको मारकर इच्छारूपी नरसिंहने मृग होकर जिस पर्वतमें लीला करते हुए विचरण किया था ॥ २५ ॥ मृगोंके मध्यमें प्रधान होनेसे मृगेन्द्र कहा जाता है, इसीसे पर्वतका नाम मृगेन्द्रशिखर प्रसिद्ध हुआ ॥ २६ ॥ उस मृगेन्द्रशिखरमें अद्यापि शिलामय मृग दिखाई देता है उसके शृङ्गारोहणसे (उपर जानेसे) पुरुषोत्तम सन्तुष्ट होते हैं ॥ २७ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुलस्त्य उवाच—

कृत्वा निःक्षत्रियां पृथ्वीं भार्गवोऽमितविक्रमः।
जम्बूद्वीपे ददौ राज्यं स्वादरात्सूर्यकेतवे ॥३०॥
भुजवीर्येण रामस्य पुत्रवत्परिरक्षितः ।
ररक्ष राज्यं धर्मज्ञो निश्शेषहतकण्टकम् ॥३१॥
एतस्मिन्नन्तरे काले नारदो भगवान् मुनिः ।
जगाम गेहं रत्नाढ्यं सूर्यकेतोर्महीपतेः ॥३२॥
राजालयं समासाद्य महर्षिः पावकोपमः ।
संपूजितो नरेन्द्रेण निषसाद वरासने ॥३३॥
पृच्छ्यमानो नरेन्द्रेण महर्षिर्धर्मकोविदः ।
कृत्स्नं संश्रावयामास नित्यानित्यविवक्षया ३४

उसकी चोटीका आश्रय लेकर राजा सूर्यकेतुने मनुष्य देहको लेकर सूर्यलोकको प्राप्त किया ॥ २८ ॥ भीष्मने कहा— श्रीमान् राजा सूर्यकेतु किस द्वीपका राजा था? किसके उप देशासे गिरिराज हिमालयकी शरणमें आया ? ॥ २९ ॥ पुलस्त्यने कहा— अमितविक्रम भार्गवने भूमीको निःक्षत्रिय कर अच्छी तरह आदरसे राजा सूर्यकेतुको जम्बूद्वीपका राज्य दिया ॥ ३० ॥ रामके भुजवीर्यसे पुत्रवत् सुरक्षित होकर धर्मज्ञ राजा सूर्यकेतुने निश्शेष कण्टकोंको राष्ट्रसे निकाल कर राष्ट्रकी रक्षाकी ॥ ३१ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वचनान्ते ततस्तस्य महर्षेरमितौजसः ।
विष्णुलोकरतो धीमान् भीतः संसारपञ्जरात् ३५
राज्यधर्मं परित्यज्य भार्गवेऽमितविक्रमे ।
कृतप्रदानः सहसा यथाशक्ति समादरात् ॥३६॥
भार्यया सहितो राजा मुनिनादिष्टसत्पथः ।
चित्तं निधाय तपसि हिमवन्तं विवेश ह ॥ ३७॥
ततः सम्प्राप्तमात्रेण हिमवन्तं नगोत्तमम् ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं नारदो धर्मसंहितम् ॥३८॥
वाग्वतीप्रभवाभ्याशे बहुपुष्पफलाकुले ।
विष्णोर्विहारशैलेन्द्रे कुरु तत्राश्रमं नृप ॥३९॥

इसीके अन्तरमें भगवान् नारद मुनि महाराजा सूर्यकेतु के रत्नमय भवनमें गये ॥३२॥ राजभवनमें जाकर अग्नितुल्य महर्षि राजासे पूजा प्राप्त कर श्रेष्ठ आसन पर बैठे ॥ ३३ ॥ राजाके प्रश्न करने पर धर्मके विद्वान् महर्षिने नित्य तथा अनित्य समस्त संसारका रहस्य सुना दिया ॥ ३४॥ अतुलतेजस्वी महर्षिके वचन सुन कर संसारके पिंजरेसे भयभीत होकर विष्णुलोकके इच्छुक बुद्धिमान् राजा सूर्यकेतुने तेजस्वी भार्गव पर राज्यधर्म छोडकर यथाशक्ति आदर पूर्वक दानकर रानीके साथ मुनिके आदेशानुसार सत्पथसे तपस्यामें चित्त लगाकर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कृत्वा तु वसतिं राजन् वाग्वतीप्रभवे गिरौ ।
कालान्तरेण नियतं विष्णुलोकमवाप्स्यसि ॥४०
वयश्चाप्यचलं भूयो राजंस्तव ममाज्ञया ।
इत्युक्त्वा नारदो धीमांस्तत्रैवाऽन्तरधीयत ॥४१
ततस्तस्य वचः श्रुत्वा महर्षेरमितौजसः ।
गिरेर्मनोरमे प्रस्थे वाग्वतीजलशोभिते ॥४२॥
मन्दमारुतविक्षेपनिपतत्कुसुमाकुले ।
नानाविहगसङ्घुष्टे विलसन्मृगसेविते ॥ ४३ ॥

शैलाधिराज हिमालयमें प्रवेश किया ॥ ३५-३६-३७ ॥ पर्वतोंमें उत्तम हिमवान्के शरणमें आतेही नारदने इस प्रकार धर्म युक्त वाक्य कहा ॥ ३८ ॥ हेराजन् ! वहां विष्णुके विहार शैलेन्द्र पर बहुत पुष्प तथा फलसे भरे हुए वाग्वतीके मूल के पासमें आश्रम बनावो ॥ ३९ ॥ राजन् ! वाग्वती प्रभव (शिवपुरी) पर्वत पर निवास कर कालान्तरमें अवश्य विष्णु लोक प्राप्त करोगे ॥ ४० ॥ राजन् ! मेरी आज्ञासे तुम्हारी आयु भी अचल होगी, इतना कह कर बुद्धिमान नारद वहीं पर अन्तधान हो गये ॥ ४१ ॥ तत्पश्चात उस तेजस्वी महर्षि के वचन सुन कर पर्वतके मनोहर शिखर पर वाग्वतीके जलसे शोभित स्थल पर, मन्द २ वायुके झोंके से गिरते हुए पुष्पों से व्याप्त, नाना प्रकारके पक्षियों से कूजित, निश्शङ्कचारी सुन्दर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तपोजाप्यपरो भूत्वा नारायणपरायणः ।
चकार वसतिं तत्र सूर्यकेतुर्नराधिपः ॥ ४४ ॥
समानुषेण देहेन विष्णुलोकमवाप्तवान् ॥ ४५ ॥

भीष्म उवाच –

वाग्वती नाम विख्याता सरित्तस्मिन् समुद्भवा ।
कस्मिन्नवसरे जाता तच्च श्रावय तां मुने ॥४६॥

पुलस्त्य उवाच—

सहस्रमेकं वर्षाणां प्रह्लादो दैत्यसत्तमः ।
रुद्रमाराधयामास पुरा तस्मिञ्छिलोच्चये ॥४७॥
तपः प्रभावान्महतः सन्तुष्टो दितिनन्दनात् ।

मृगोंसे सेवित, ऐसे उस तपःस्थल पर जपतपमें तत्पर होकर नारायणपरायण नराधिराज सूर्यकेतु ने वहां पर निवास किया ॥ ४२–४३–४४ ॥ मनुष्यदेह सहित विष्णुलोकको प्राप्त किया ॥ ४५ ॥ भीष्म बोले— हेमुनि ! वाग्वती नामकी नदी उस मृगेन्द्रशिखर पर प्रादुर्भूत हुई, वह किस समयकी बात है ? सब कथा सुनाइये ॥ ४६ ॥ पुलस्त्य बोले— प्राचीन काल में उस पर्वत पर दैत्य श्रेष्ठ प्रह्लादने एक सहस्र वर्ष पर्यन्त रुद्रकी आराधना की ॥ ४७ ॥ दितिनन्दनके महान् तपके प्रभाव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दृष्टमात्रेऽतिहर्षेण मुमोच हंसन हरः ॥४८॥
हासांशुनिकराद्रम्याद्देवदेवस्य धीमतः ।
उत्पपात गिरेर्मूर्ध्नि नदी पुण्यजलाशया ४९
हरहासांशुसम्भूता फेनप्रस्यन्दवाहिनी ।
वचनात्सम्भवो यस्माद् वाग्वतीत्यभिधीयते ५०
श्रुत्वा तस्याः पवित्राङ्ग्याः समुत्पत्तिं निजालयात्
सम्प्राप्ता मुनयश्चैव देवाश्च सुमनोजवाः ॥५१
गन्धर्वयक्षरक्षांसि नागराजाश्च तत्क्षणात् ।
दैत्याश्च दानवाश्चैव कृतपुष्पोपहारकाः ॥५२
सिद्धाश्चाप्सरसश्चैव चित्रालङ्कारभूषणाः ।

से सन्तुष्ट होकर भगवान् हरने प्रकट होकर अट्टहास किया ॥४८॥ बुद्धिके अद्धिष्ठाता महादेवके रमणीय हास्यके किरणों के समूहसे पर्वतके शिखर पर पुण्यमय जलाशय वाली नदी उत्पन्न हुई ॥४९॥ हरके हास्यके किरणोंसे उत्पन्न होकर फेन के प्रवाहको वहाने वाली नदी वचनसे प्रकट हुई इसलिए वाग्वती कही जाती है ॥५०॥ इस प्रकार उस पवित्र अङ्गवाली वाग्वतीकी उत्पत्तिको सुनकर अपने २ आश्रमोंसे सिद्धर्षिमुनि देवता मनके वेगसे आये ॥५१॥ तत्क्षणमें गन्धर्व, यक्ष, राक्षस, नागराज, दैत्य, दानव पुष्पोंका उपहार करते हुए आये

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भूतकिन्नरयुग्मानि पिशाचा ये च खेचराः ॥५३

ततो देवो महादेवः सर्वभूतपतिः शिवः ।

दृष्टिं निधाय दैत्येन्द्रे जगाद वचनं शुभम् ॥५४

प्रह्लाद त्वयि धर्मज्ञे सुप्रीताः पश्य देवताः ।

दैत्यानामीदृशं पुण्यमन्येषान्तु न विद्यते ॥५५॥

मम वक्त्रात्समुद्भूता वाग्वती वचनात्स्थितिम् ।

अप्रवेश्याऽसुरैर्भूयात्तपसा तव सुव्रत ॥ ५६ ॥

सैव तीर्थवती श्रेष्ठा लोककामफलप्रदा ।

सेव्या भवतु सर्वेषां मम लोकाभिलाषिणाम् ५७

योगीश्वरश्च धर्मज्ञ मत्प्रसादाद् भविष्यसि ।

॥५२॥ सिद्ध लोग तथा विचित्र अलङ्कारों से भूषित अप्सराएँ भूतगण, किन्नरमिथुन, पिशाच और खेचर भी चले आये ॥५३॥ तदनन्तर समस्त प्राणियों के पति कल्याणस्वरूप भगवान् महादेव ने प्रह्लाद को कृपादृष्टि से देख कर शुभ वचन कहा ॥५४॥ हे प्रह्लाद! धर्मज्ञ तुम पर सब देवता प्रसन्न हैं देखो, दैत्यों में ऐसा पुण्य तो औरों का नहीं है ॥५५॥ हे सुव्रत! मेरे मुख से उत्पन्न हुई वाग्वती नदी तुम्हारे तपोबल से पृथ्वी में विलीन न हो सर्वदा रहे ॥५६॥ वही सर्वतीर्थवती श्रेष्ठ नदी वाग्वती लोकों की कामना पूर्ण करने वाली मेरे लोक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्युक्त्वा देवदेवेशस्तत्रैवान्तर्दधे स्वयम् ॥५८॥
देवदैत्यादयोऽन्येऽपि दुद्रुवुर्भवनं स्वकम् ।
प्रह्लादोऽपि महाबाहुरभिप्रेतालयं ययौ ॥ ५९ ॥

ततो विभात्युज्ज्वलहेममालिनी
मृगेन्द्रशैलोपरि नित्यवर्त्तिनी ।
समुद्रगा तीरजवृक्षपल्लवै-
र्विमुक्तपुष्पाकुलवीचिवाहिनी ॥६०॥

इति वाग्वतीप्रशंसायां तीर्थवर्णने प्रह्लादतपःसिद्धिर्नाम प्रथमोऽध्यायः ।

के अभिलाषी सब के लिए सेवनीय हो ॥५७॥ हे धर्मज्ञ ! मेरी कृपा से तुम योगीश्वर हो जावोगे । इतना कह कर महादेव जी वहीं पर स्वयं अन्तर्धान हो गये ॥५८॥ देव दैत्य इत्यादि और सब अपने २ लोकों को चले गये । महाबाहु प्रह्लाद भी अभीष्ट स्थान को चला गया ॥५९॥ तब से लेकर मृगेन्द्रपर्वत के उपर नित्य निरन्तर रहने वाली उज्ज्वल हेममालिनी तीर में उत्पन्न हुए वृक्ष लता गुल्मों के पल्लवों की अञ्जलियों से दत्त पुष्पाञ्जलियों से आकुल तरङ्गों वाली वाग्वती नदी शोभायमान है ॥६०॥

प्रथमाध्याय समाप्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भीष्म उवाच—

श्रुतास्मिन् पुण्यवाग्वत्याः समुत्पत्तिर्महामुने !।
अनल्पफलदा श्रेष्ठा सर्वपापप्रणाशिनी ॥ १ ॥
केषु केषु प्रदेशेषु तीर्थं तस्याः प्रचक्षते ।
तीर्थस्य च फलं कृत्स्नं श्रोतुमिच्छाम्यहं मुने ॥२

पुलस्त्य उवाच –

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि मूर्ध्नि तस्यैव भूभृतः ।
महाश्मशकलाकीर्णे नानावृक्षोपशोभिते ॥३॥
नानाकुसुमसङ्कीर्णे नानाविहगसेविते ।
नदीसलिलझङ्कारशब्दसंघातपूरिते ॥ ४ ॥

भीष्म बोले— हे महामुने ! इस मृगेन्द्रपर्वत में पुण्यमयी वाग्वती की उत्पत्तिको वर्णन सुनातो सर्व पापों का नाश कर श्रेष्ठ अनल्प फल की दात्री है इस के कौन २ से प्रदेशों में तीर्थ कहे जाते हैं ? और तीर्थों का समस्त फल भी हम श्रवण करना चाहते हैं ॥ १—२ ॥ पुलस्त्य बोले— अब यहाँ से विशाल शिलाखण्डों से व्याप्त, अनेक वृक्षों से शोभित, नाना प्रकार के पुष्पों से आकीर्ण, नाना रूप के पक्षियों से सेवित, वाग्वती के जल के झङ्कार शब्दों के संघात से परिपूर्ण, ऐसे मृगेन्द्रशिखर पर्वत के शिखर पर जहाँ कि महान् चट्टानों से पवित्र तीर्थजल गिरता है, उस तीर्थ का व्याख्यान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

महाश्मनः प्रपतितं यत्र तीर्थोदकं शुभम् ।
तीर्थे विष्णुपदे रम्ये विष्णुलोकफलप्रदे ॥ ५ ॥
चतुर्विंशद्वादशीषु स्नाति यो नियमैर्नरः ।
मानुषं विभवं भुक्त्वा विष्णुलोकं स गच्छति ॥६
दूरादपि विनिर्दिष्टा फेनप्रस्यन्दवाहिनी ।
विष्णोः पदात्स्रवन्तीति तस्मा द्विष्णुपदी स्मृता॥७
वाग्वत्या विष्णुपद्याश्च सम्भेदे सत्त्वसेविते ।
स्नायते विधिना यस्तु सौभाग्यं लभते नरः ॥८
गङ्गा च यमुना चैव तथा देवी सरस्वती ।
तत्र गच्छन्ति पञ्चम्यां तस्मात्पञ्चनदी स्मृता ॥९

करेंगे ॥ ३–४ ॥ विष्णुलोक का फल देने वाले विष्णुपद नामक रमणीय तीर्थ में १२ मासों तक २४ एकादशियों में जो मनुष्य नियम पूर्वक स्नान करता है, वह मनुष्य लोक के वैभव को भोग कर विष्णु लोक को प्राप्त होता है ॥ ५– ॥ जो दूर से भी स्पष्ट दिखाई देती हुई फेन का प्रवाह बहाने वाली विष्णु के पद से निकलती है, इस लिए वह विष्णुपदी (विष्णुमती) कही गई है ॥ ७ ॥ वाग्वती तथा विष्णुपदी के सात्त्विक प्राणियों से सेवित सङ्गम में जो मनुष्य विधि पूर्वक स्नान करता है वह सौभाग्य प्राप्त करता है ॥ ८ ॥ गङ्गा यमुना

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अथातः सम्प्रवक्ष्यामि दर्यान्तस्यैव भूभृतः ।
इन्द्रमार्गमिति ख्यातं तीर्थमिन्द्रेण कल्पितम् १०
अस्मिंस्तीर्थवरे पुण्ये विधिना स्नायते तु यः ।
मोदते चाप्सरोभिश्च परत्र स्वस्तिकामुकः ॥११
दिव्याप्सरोभिः संसेव्या फेनालिनिकरोज्ज्वला ।
इन्द्रमार्गात्स्रवन्तीति चेन्द्रमार्गेति विश्रुता ॥१२
वाग्वत्या इन्द्रमार्गायाः सम्भेदे सत्त्वसेविते ।
स्नायते विधिना योयमिन्द्रलोकं स गच्छति १३
ततो मणिमती नाम सरिद्रुद्रशिरोभवा ।

तथा देवी सरस्वती ये तीनों नदियाँ पञ्चमी तिथि में वहा जाती हैं। इसी लिए उस दिन उसका नाम पञ्चनदी होता है ॥ ९ ॥ अब यहाँ से उसी मृगेन्द्रशिखर की गुहा पर इन्द्र के बनाये हुए इन्द्रमार्ग नाम से प्रख्यात तीर्थ का वर्णन करेंगे ॥ १० ॥ इस श्रेष्ठ तथा पुण्य तीर्थ में जो कल्याणकांक्षी मनुष्य विधिपूर्वक स्नान करता है, वह परलोक में अप्सराओं के साथ रमता है ॥ ११ ॥ जो दिव्य अप्सराओं से सेवनीय फेन की पङ्क्तियों की मालाओंसे उज्ज्वला और इन्द्रमार्गसे बहती है, इस से वह इन्द्रमार्गा कहीजाती है ॥ १२ ॥ वाग्वती और इन्द्रमार्गा के सत्त्वसेवित सङ्गम पर जो विधि से स्नान करता है, वह इन्द्रलोक जाता है ॥ १३ ॥ इस के अनन्तर रुद्र के शिर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्याश्च प्रभवं तीर्थं प्रवक्ष्यामि प्रकामदम् ॥१४
मणिधातुनगोत्सङ्गे तीर्थे मणिशिलान्तरे ।
स्नायते विधिना यस्तु कामसिद्धिमवाप्नुयात् १५
मणिना कल्पितं लिङ्गं मणिलिङ्गमिति स्मृतम् ।
चूडामणेः स्रवन्तीति तस्मान्मणिमती स्मृता १६
वाग्वत्या मणिमत्याश्च सङ्गमे सत्त्वसेविते ।
स्नायते विधिना यस्तु सर्वकाममवाप्नुयात् ॥१७
सम्भेदेऽस्यास्तदभ्याशे स्रोतस्यूर्ध्वं विनिस्सृते ।
रुद्रधाराजलं नाम तीर्थमस्ति प्रकामदम् ॥ १८॥

से उत्पन्न हुई मणिमती (मनोहरा) नाम की नदी के कामानुकूल फलदायक प्रभव तीर्थ का वर्णन करेंगे ॥१४॥ मणिधातु नामक पर्वत की गोद में मणिशिला नामक तीर्थ पर जो स्नान करता है, वह कामनासिद्धि प्राप्त करता है ॥ १५ ॥ मणि से बनाये लिङ्ग को मणिलिङ्ग कहते हैं उसके चूडामणि से बहती है, इसलिए इसको मणिमती कहा है ॥ १६ ॥ सत्त्वसेवित वाग्वती और मणिमती के सङ्गम में जो विधि से स्नान करता है, वह समस्त कामनाओं का फल पाता है ॥ १७ ॥ इस के सङ्गमतीर्थ के पास ऊर्ध्वगामी स्रोत में रुद्रधाराजल नामक उत्कृष्ट कामनादायी तीर्थ है ॥ १८ ॥ मनुष्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

स्फटिकाक्षावलीतुल्यजलबुद्बुदमालिनम् ।
रुद्रधारोदयं दृष्ट्वा सर्वपापैर्विमुच्यते ॥ १९॥
अस्मिंस्तीर्थवरे पुण्ये विधिना स्नायते तु यः ।
विमानेनार्कवर्णेन रुद्रलोकं स गच्छति ॥ २० ॥
कृष्णाष्टम्यां चतुर्दश्यां पञ्चदश्यां विशेषतः ।
स्नातव्यं विधिना नित्यं रुद्रलोकफलार्थिभिः २१
सुतो विश्रवसः श्रीमान् राक्षसोऽथ बिभीषणः ।
स्वपितुः शासनात्तत्र तप उग्रं चकार ह ॥ २२ ॥

भीष्म उवाच—

धर्मशीलेन धीरेण पितुः शासनवर्त्तिना ।

स्फटिक माला के तुल्य जल के बुलबुलों की माला वाले रुद्रधारोदय तीर्थ को देखकर सर्व पापों से मुक्त होता है ॥ १९ ॥ इस उत्तम पुण्यतीर्थ में विधि से जो स्नान करता है वह सूर्य तुल्य विमान में बैठकर रुद्रलोक को जाता है ॥ २० ॥ रुद्रलोक का फल चाहने वाले लोगोंको विशेष कर हर एक कृष्णाष्टमी चतुर्दशी अमावास्या पूर्णिमा के दिन विधिसे स्नान करना चाहिए ॥ २१ ॥ विश्रवाका पुत्र श्रीमान् राक्षस कुलभूषण बिभीषणने अपने पिता की आज्ञासे वहाँ पर उग्र तप किया था ॥ २२ ॥ भीष्म बोले— हे महर्षि ! पिताका आज्ञाकारी धर्मशील धीर बिभीषण ने किस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कस्योपदेशाद्देवर्षे ! तपस्तस्मिन्ननुष्ठितम् ॥२३॥

पुलस्त्य उवाच

पुरा लङ्कापुरीं त्यक्त्वा धर्मशीलो बिभीषणः ।
गोकर्णारण्यकं रम्यं प्राप्तवान् पितुरालयम् २४
प्राप्तमात्रस्तु धर्मज्ञो ज्वलन्तं तपसः श्रिया ।
प्रणम्य पितरं मूर्ध्ना निषसाद कुशासने ॥२५॥
ततश्चित्तगतं ज्ञात्वा पुत्रस्याक्लिष्टकर्मणः ।
व्याजहार शुभं वाक्यं विश्रवा मुनिपुङ्गवः ॥२६॥

विश्रवा उवाच--

ज्ञातं वै तव धर्मज्ञ यतः कार्यादिहागतः ।
विना न तपसा पुत्र सिध्यन्ते कार्यसम्पदः २७

के उपदेश से उस तीर्थ में तपका अनुष्ठान किया ॥२३॥ पुलस्त्य बोले—प्राचीन समय में धर्मशील बिभीषण लङ्कापुरी को त्यागकर रमणीय गोकर्णारण्य में पिता के आश्रम पर आये ॥२४॥ आते ही धर्मज्ञ बिभीषण ने तपस्या की शोभा से शोभमान पिताको शिरसे प्रणाम कर कुशाके आसन पर बैठ गये ॥२५॥ उसके अनन्तर शुभकर्मकारी पुत्रके चित्तकी बातको जानकर मुनिश्रेष्ठ विश्रवाने शुभ वचनोंसे कहा ॥२६॥ हे धर्मज्ञ ! तुम्हारे यहाँ आनेका कारण जान लिया हे पुत्र ! विना तपस्या किये कार्यसम्पत्ति की सिद्धि नहीं होती है ॥२७॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रम्ये हिमवतः कुक्षौ सुरसिद्धनिषेविते ।
महादेव मुखोद्भूता वाग्वती सरिदुत्तमा ॥२८॥
रम्या मणिमती चैव चूडामणिसमुद्भवा ।
तयोस्तु सङ्गमाभ्याशे स्रोतस्यूर्ध्वविनिस्सृतम् २९
रुद्रधाराजलं पुण्यं तीर्थमस्ति प्रकामदम् ।
जलं पातालगङ्गाया रुद्रपादार्घनिस्सृतम् ॥३०॥
पवित्रं परमं तीर्थं सर्वकामफलप्रदम् ।
उग्रं तपस्तत्र गत्वा क्रियतां नियमेन वै ॥३१॥
विनिगृह्येन्द्रियग्रामं मन्त्रजापपरो भव ।
ततस्तस्य वचः श्रुत्वा पितुर्धर्मभृतां वरः ॥३२॥

इसलिए हिमवान् के रमणीय कुक्षिमें सिद्ध देवता आदि जहाँ रहते हैं, वहाँ पर महादेव के मुख से उत्पन्न उत्तम नदी वाग्वती है ॥२८॥ एवं चूडामणि से उत्पन्न हुई रमणीय मणिमती है। इन दोनों नदियों के समागम के पास प्रवाह में उपरको निकली हुई रुद्रधारा, कामानुकूल फल दायक पुण्य तीर्थ है। पातालगङ्गा का जल रुद्र के पादार्घ से निकला है ॥२९-३०॥ यह समस्त कामनाओं का फल देने वाला परम पवित्र तीर्थ है। वहाँ जाकर यम नियम पूर्वक उग्र तपस्या करो ॥३१॥ इन्द्रिय ग्रामका निग्रह कर मन्त्रजप में तत्पर हो जाओ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रययौ जवमास्थाय हिमवन्तं बिभीषणः ।
प्राप्तमात्रेण धर्मज्ञो रुद्रधारोदयं शुभम् ॥३३॥
निमज्य वाग्वतीतोये चकारोग्रतरं तपः ।
दिनान्तरेण केनापि कीर्तिमान् पुण्यवत्सलः ३४
आगत्य विश्रवास्तत्र प्रावदत्साधु साध्विति ।
पुत्रं जले स्थितं दृष्ट्वा वेपमानं मुहुर्मुहुः ॥३५॥

विश्रवा उवाच—

व्याजहार शुभं वाक्यं विश्रवा मुनिपुङ्गवः ।
एह्येहि पुत्र धर्मज्ञ सिद्धं कार्यं त्वदीहितम् ॥३६॥

उसके अनन्तर पिताका वचन सुनकर धर्म धारियोंमें श्रेष्ठ विभीषण वेगसे हिमवान की ओर चला, धर्मज्ञने शुभ रुद्र धारोदय में पहुँचते ही ॥ ३२–३३ ॥ वाग्वती के जलमें स्नान कर उग्रतर तप करने लगा। तत्पश्चात कुछ दिनोंमें पुण्यवत्सल कीर्तिमान् विश्रवा मुनिने आकर पुत्रको जलमें वैठ वार वार कापते देखकर 'साधु साधु' इस प्रकार धन्यवाद दिया ॥ ३४–३५ ॥ हे धर्मज्ञ पुत्र ! आओ तुह्मारा मनोवाञ्छित कार्यसिद्ध हुआ इस तपसे निश्चय लोकपाल वनोगे। इतना कहकर पुत्रवालों में श्रेष्ट विश्रवाने पुत्रको अपने रम्य एवं मुनिजनों से परिपूर्ण नाना पुष्प वृक्षोंसे शोभित आश्रम में लाकर नित्यकर्म से निवृत्त होकर स्वस्थमनसे आदर पूर्वक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अनेन तपसा त्र्यक्षं लोकपालो भविष्यसि ।
इत्युक्त्वा स्वाश्रमं निन्ये पुत्रं पुत्रवतांवरः ३७
रम्यं मुनिजनाकीर्णं नानाकुसुमपादपम् ।
ततः स्वस्थमना भूत्वा निवृत्तात्मप्रयोजनः ३८
रामायणं भविष्यत्स श्रावयामास सादरात् ।
कालेन महता तेन तपसा समुपार्जिताम् ॥३६॥
प्रददावात्मपुत्राय गदां शरनिवारिणीम् ।

ततःपितुर्वाक्यविबुद्धमानसो
गदां गृहीत्वा शरवारणाह्वयाम् ।
मनोरमां काञ्चनहर्म्यमालिनीं
विवेश लङ्कानगरीं बिभीषणः ॥४०॥

इति श्री वाग्वतीप्रशंसायां बिभीषणात्रसिद्धिर्नाम द्वितीयोऽध्यायः ।

भविष्य रामायण सुनाया और लम्बे समय की तपस्यासे उपार्जित बाणोंका निवारण करने वाली गदा अपने पुत्रको दिया ॥ ३६-६७-३८-३६॥ तदनन्दर पिताके वाक्यसे प्रबुद्ध मनवाले बिभीषणने शरवारण नामकी गदाको लेकर अलौकिक शोभासे युक्त होकर सुवर्ण प्रकार वाली लङ्का नगरीमें प्रवेश किया ॥ ४० ॥

द्वितीय अध्याय समाप्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भीष्म उवाच—

माहात्म्यं रुद्रधारायाः श्रुतं स्वर्गफलप्रदम् ।
अथान्यच्छ्रोतुमिच्छामि तीर्थं कामफलप्रदम् १

पुलस्त्य उवाच—

अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि चैलगङ्गासमुद्भवम् ।
प्रकामफलदं पुण्यं तीर्थं पापप्रणाशनम् ॥ २ ॥
विष्णोर्भगवतो भीष्म धृतवाराहरूपिणः ।
चैलान्निपतितत्व चु चैलगङ्गेति विश्रुता ॥ ३ ॥
वाग्वत्याश्चैलगङ्गायाः सम्भेदे सत्त्वसङ्गमे ।
दशगङ्गाजलस्नानं पुण्यं स लभते नरः ॥४॥

भीष्म बोले— स्वर्गफल दाता रुद्रधारा तीर्थका माहात्म्य तो सुना अब इच्छानुकूल फलदाता अन्यतीर्थका माहात्म्य सुनना चाहता हुँ॥ १॥ पुलस्त्य बोले— अब यहाँसे उपर चैलगङ्गासमुद्भव तीर्थका वर्णन करेंगे जो अति पवित्र पापनाशक तथा प्रशस्त फलदायक है ॥ २॥ हे भीष्म! वराहरूपधारी भगवान् विष्णुके चैल (वस्त्र) से निकली है इस लिए चैलगङ्गाके नाम से प्रसिद्ध हुई ॥ ३ ॥ वाग्वती और चैलगङ्गा के सत्वसेवित सङ्गम पर स्नान करने वाला मनुष्य दश गङ्गा जलस्नानका

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वाग्वतीभेदपर्वतम् ।
प्रकामफलदं पुण्यं गोकर्णेन कृताश्रमम् ॥ ५॥
अमोघे सलिलोद्भेदे वाग्वत्यां स्नायते तु यः ।
अमोघं व्रजते लोकं तीर्थसेवी नरोत्तमः ॥ ६॥
अमोघे वाग्वतीतीरे विधिना नियमेन च ।
तिथौ कृष्णचतुर्दश्यां वस्तव्यं तीर्थसेविना ॥७॥
एकरात्रोषितो भूत्वा तत्रैव नियमेन वै ।
अर्चयेत्छत्रजं लिङ्गं तीर्थसेवी प्रयत्नतः ॥ ८ ॥
पितॄन् सन्तर्पयेद्यस्तु तीर्थसेवी प्रयत्नतः ।
कुलं तारयते सर्वं दश पूर्वान् दशापरान् ॥९॥

फल प्राप्त करता है ॥ ४ ॥ यहाँसे उपर वाग्वती भेद पर्वत का माहात्म्य कहेंगे प्रशस्त फलदायक पुन्यतीर्थमें गोकर्णने आश्रम वनाया था ॥ ५ ॥ अमोध तीर्थ में वाग्वती में जो मनुष्य स्नान करता है वह तीर्थसेवी नरोत्तम अमोध लोकमें जाता है ॥ ६ ॥ वाग्वती के तीरवर्ती अमोध तीर्थमें विधिपूर्वक नियमसे कृष्ण चतुर्दशी तिथिमें तीर्थसेवीको वास करना चाहिए ॥ ७ ॥ वहींपर एकरात्रि उपवासकर नियमसे तीर्थसेवी प्रयत्न पूर्वक छत्रज लिङ्गका पूजा करे ॥ ८ ॥ जो तीर्थयात्री यहाँपर विधिसे पितरोंका तर्पण करता है वह दश पुस्ता

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

एकं यो भोजयेद् विप्रं सहस्रं भोजितं भवेत् ।
एकां यः कपिलां दद्याद् गोसहस्रप्रदो भवेत् १०
देहमुत्सृजते यस्तु कन्दरान्तर्नदीजले ।
अप्सरोभिः सह स्वच्छं स्वर्गलोकं स गच्छति ११
महाश्मजालाचितचारुकन्दरा-
न्नदीजलास्फालनशब्दनादितात् ।
विलोक्यमानादपि तीर्थसत्तमा-
द्विमुक्तपापो भवतीह तीर्थिकः ॥ १२ ॥

इति श्री वाग्वतीप्रशंसायां तीर्थवर्णनेऽमोघशैलादिवर्णनं नाम तृतीयोऽध्यायः ।

पूर्व दश पुस्ता परके तारकर समस्त कुलका कल्याण करता है ॥ ९ ॥ एक विप्रको भोजन करानेवाला सहस्रविप्र भोजनका फलप्राप्त करता है तथा एक कपिल गौदान करनेसे सहस्र गोदानका फल पाता है ॥ १० ॥ गिरिकन्दरा के अन्दर नदीजलमें जो देहत्याग करता है वह स्वेच्छासे अप्सराओंके साथ स्वर्गलोक को जाता है ॥ ११ ॥ विशाल शिला जालसे खचित सुन्दर कन्दरा वाले नदीजलके आघातों के मधुर ध्वनिसे नादित इस उत्तर तीर्थके दर्शन मात्रसे तीर्थयात्री पापोंसे मुक्त होता है ॥ १२ ॥

तृतीय अध्याय समाप्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुलस्त्य उवाच—

अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि वाग्वतीद्वारमुत्तमम् ।
महानागालयं रम्यं महाश्मशकलालयम् ॥ १ ॥
नानावृक्षलताकीर्णं नानापुष्पोपशोभितम् ।
नानाविहङ्गसङ्घुष्टं नानाषट्पदनादितम् ॥ २ ॥
सरित्सलिलझङ्कारशब्दसङ्घातभीषणम् ।
क्रीडास्थानं महागौर्या महातीर्थफलप्रदम् ॥ ३ ॥
नागाङ्गनाभिर्यक्षीभिरासुरीभिस्तथैव च ।
देव्याः प्रसादनार्थेन सेव्यते यत्र वाग्वती ॥४॥
मिश्रकेशी घृताची चालम्बुषा बुद्बुदा तथा ।

पुलस्त्य बोले—यहाँसे उपर उत्तम वाग्वतीद्वारका वर्णण करेंगे जो महानागोंका निवास स्थान है अतिमनोहर है विशाल शिलाखण्डो से चिनाहुवा है नाना प्रकार के वृक्षलताओंसे व्याप्त है नाना प्रकारके पुष्पोंसे शोभित है नाना प्रकारके पक्षिगणोंसे कूजित है नाना प्रकार के भ्रमरयूथोंसे निनादित है नदीके जलके झङ्कार शब्दोंके समूहसे भीषण है महागौरीका क्रीडा स्थान है, महातीर्थोंका फल देने वाला है। जहाँ पर गौरीदेवीको प्रसन्न करने के लिए नागाङ्गना यक्षकिन्नर गन्धर्वाङ्गना, असुराङ्गना आदि से वाग्वती सेवित है॥ १-२-३-४ ॥ जहाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

क्रतुस्थला च रम्भा च मेनका पुञ्जिकस्थला ॥५॥
अन्याश्चाप्सरसः सर्वा देव्याराधनतत्पराः ।
सेवन्ते क्रीडनार्थेन वाग्वती यत्र निर्गताः ॥६॥
कुम्भयोनेरगस्त्यस्य तीर्थं तत्र प्रकामदम् ।
ह्रदोऽनन्तस्य नागस्य तत्र तीर्थं प्रकामदम् ॥७॥
तीर्थिकैरसकृज्जुष्टं प्रकामफलदं शुभम् ।
उमातीर्थमितिख्यातं तीर्थं तत्रैव दृश्यते ॥ ८ ॥
अनन्त तीर्थमासाद्य स्नायते यस्तु मानवः ।
अनन्तभुवने रम्ये मोदते नागिनीगणैः ॥ ९ ॥
अगस्त्यतीर्थमासाद्य स्नायते यस्तु मानवः ।

पर वाग्वती प्रकट हुई है, वहाँ मित्रकेशी, घृताची, अलम्बुषा, बुद्बुदा, क्रतुस्थला, रम्भा, मेनका, पुञ्जिकस्थला, एवं अन्य सब अप्सरायें देवीकी आराधना में तत्पर होकर क्रीडा करती हैं ॥ ५–६ ॥ वहीं पर कलश से उत्पन्न हुए अगस्त्यका मनोवाञ्छित फलदायक तीर्थ है ॥७॥ वहीं पर प्रख्यात उमातीर्थ दिखाई देता है, प्रशस्त फलदायक जिस शुभ तीर्थ में तीर्थयात्री लोग बार बार जाते हैं ॥ ८ ॥ जो मनुष्य अनन्ततीर्थ में जाकर स्नान करता है वह नागिनी गणोंके साथ अनन्तलोक में जाकर आनन्द भोगता है ॥ ९ ॥ जो मनुष्य अगस्त्यतीर्थमें जाकर स्नान कर-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मोदते मुनिकन्याभि रगस्त्यभवने शुभे ॥१०॥
उमातीर्थं समासाद्य स्नायते यस्तु मानवः ।
स्त्रीषु सौभाग्यमाप्नोति स्त्री च पुंसि न संशयः ११
कृतोत्थानात्पवित्राङ्ग्या भूमिः साऽतिमनोरमा ।
सौन्दर्येणैव वाग्वत्याः सुन्दरीत्यभिधीयते १२
अत ऊर्ध्वं प्रवक्ष्यामि विमलाम्बुदचुम्बितम् ।
वाग्वतीप्रभवं पुण्यं सुरासुरनिषेवितम् ॥ १३ ॥
देवदानवगन्धर्वयक्षराक्षससाधुभिः ।
उपस्पृष्टजले पुण्ये रुद्रलोकफलार्थिभिः ॥ १४ ॥

ता है वह मुनिकन्याओं के साथ अगस्त्य के शुभ भवनमें सुख भोगता है ॥ १० ॥ जो मनुष्य उमातीर्थमें जाकर स्नान करताहै वह स्त्रियोंमें सौभाग्य प्राप्त करता है और स्त्री हो तो निस्संशय पुरुषोंमें सौभाग्य प्राप्त करती है ॥ ११ ॥ पवित्राङ्गी वाग्वतीके प्रस्दुर्भावसे वह भूमि अति मनोरमा है वाग्वतीके सौन्दर्य से ही सुन्दरी कहलाती है ॥ १२ ॥ यहाँसे उपर विमल मेघोंसे चुम्बित पुण्यमय देवदानवोंसे सेवित वाग्वती प्रभव तीर्थ कहेंगे ॥ १३ ॥ जो मनुष्य रुद्रलोक फलाभिलाषी देव दानव गन्धर्व यक्ष राक्षस आदि साधुओंसे आचमन किया गयाहै जल जहाँका ऐसे पुण्य वाग्वती प्रभवतीर्थमें स्नानकरता है वह सुवर्ण के विमानसे रुद्रलोकको जाता है ॥ १४ ॥ महा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाग्वतीप्रभवे तीर्थे स्नायते यस्तु मानवः ।
काञ्चनेन विमानेन रुद्रलोकं स गच्छति ॥१५॥

महामृगाध्यासितशृङ्गशालिनः
प्ररुह्यमानादपि पर्वतोत्तमात् ।
विमुक्तपापो भवतेऽभिषेवकः
कृताभिषेकाः किमु वाग्वतीजलात् ॥१६॥

इति श्री वाग्वतीप्रभवतीर्थवर्णनं नाम चतुर्थोऽध्यायः ।

पुलस्त्य उवाच—

वर्णाधमेषु सर्वेषु सत्त्वेष्वश्राद्धिकेषु च ।
नाख्यातव्यमिदं पुण्यं पुराणं पापबुद्धिषु ॥ १ ॥

मृग (नरसिंह) से अध्यासित उत्तुङ्ग श्रृङ्गसे रमणीय उत्तर पर्वत (मृगेन्द्र शिखर) का आरोहण करनेसे भी तीर्थयात्री पापसे मुक्त हो जाता है, वाग्वती के जलसे अभिषेक (स्नान) करने पर तो कहना ही क्या है ? ॥१५-१६॥

चतुर्थ अध्याय समाप्त ।

पुलस्त्य बोले— समस्त अधम वर्णोंमें, अश्रद्धालु प्राणियोंमें, एवं पापबुद्धिवालोंमें इस पुण्य पुराण (पशुपतिपुराण) की कथा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ब्राह्मणेभ्यश्च वैश्येभ्यः क्षत्रियेभ्यस्तथैवच ।
वर्णोत्कर्षकशूद्रेभ्यस्तीर्थयात्रा प्रवक्ष्यते ॥ २ ॥
तस्मात्सत्कृत्य यत्नेन व्याख्यातव्यं शुभार्थिना ।
ब्राह्मणेषु विशेषेण पुराणं पुण्यवर्धनम् ॥ ३ ॥

इतितीर्थयात्राखण्डः समाप्तः

रम्ये गङ्गातटे पुण्ये भीष्मः शन्तनुनन्दनः ।
तीर्थयात्राप्रवक्तारं पुलस्त्यं मुनिमब्रवीत् ॥ १ ॥

भीष्म उवाच--

श्रुतः श्रुतफलोद्भूतस्तीर्थस्य गुणविस्तरः ।
पुनः कौतूहलं किञ्चिन्मम चेतसि वर्तते ॥ २ ॥

नहीं करनी चाहिए ॥ १ ॥ ब्राम्हण क्षत्रिय वैश्य तथा वर्णोत्कर्षक शूद्रोंमें तीर्थयात्राकी कथा करनी चाहिए ॥ २ ॥ इस लिए शुभार्थिको चाहिए कि विशेष कर ब्राम्हणोंमें सत्करापूर्वक यत्नसे पुण्यवर्धक पुराण की कथा करे ॥ ३ ॥

तीर्थयात्रा खण्ड समाप्त ।

रमणीय एवं पवित्र गंगातट पर राजा शन्तनु के आनन्ददायक सुपुत्र भीष्मने तीर्थयात्रा के वक्ता पुलस्त्य मुनि से कहा ॥ १ ॥ भीष्म बोले— शास्त्रोक्त फलदायक शास्त्रोंका सारभूत तीर्थोंका गुणविस्तार तो सुन लिया, पुनः मेरे चित्तमें कुछ कौतुक है ॥ २ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाग्वतीप्रभवस्थाने तीर्थानां प्रवरे शुभे ।
तस्मिन्नपि महाप्राज्ञ ! तपः केनकृतं पुरा ॥ ३ ॥
एवं पृष्टो महाप्राज्ञो गङ्गापुत्रेण धीमता ।
व्याजहार शुभं वाक्यं पुलस्त्यो मुनिसत्तमः ४
अस्मिंस्तीर्थे तपःकृत्वा राजपुत्री प्रभावती ।
उमाया वरदानेन प्रद्युम्नमलभत्पतिम् ॥ ५ ॥

भीष्म उवाच—

प्रभावतीति विख्याता कस्य राज्ञः कुलोद्भवा ।
कस्योपदेशाद्देवर्षे तपस्तस्मिंश्चचार ह ॥ ६ ॥

पुलस्त्य उवाच—

तीरमादाय गण्डक्या यावत्तद्वाग्वतीतटम् ।
पूर्वापरायतस्याद्रेरधस्ताच्चन्दनागिरिः ॥ ७ ॥

शुभ तीर्थोंमें श्रेष्ठ वाग्वतीप्रभव स्थान में हे महाप्राज्ञ ! प्राचीन काल में किसने तप किया ? ॥ ३ ॥ इस प्रकार बुद्धिमान् गंगापुत्र के प्रश्न करने पर महापण्डित मुनिश्रेष्ठ पुलस्त्य शुभ वाक्य बोले ॥ ४ ॥ इस तीर्थ में तपस्या करके राजपुत्री प्रभावतीने उमादेवी के वर दान से प्रद्युम्न पति प्राप्त किया ॥ ५ ॥ भीष्म बोले- हे देवर्षे ! प्रभावती नाम से विख्यात राजकुमारी किस राजा के कुल में उत्पन्न हुई है ? और किस के उपदेश से वाग्वतीप्रभव

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुप्रभा नाम विख्याता पुरी स्वर्गपुरोपमा ।
तस्यामधिपतिः श्रीमान् महेन्द्रदमनो नृपः ८
रूपलक्षणसम्पन्ना जीवादपि गरीयसी ।
देवी प्रभावती नाम भगिनी तस्य भूपतेः ९
सखीभिरसकृद्यत्नैर्वरार्थं प्रतिबोधिता ।
पतिं न कांक्षते सा हि दैत्यदानवयोः कुले १०
अनिच्छन्तीं समुत्पत्य भगिनीं दैत्यसत्तमः ।
न ददौ प्रार्थ्यमानोऽपि वरार्थं दैत्यदानवैः ११
उद्यानानि विचित्राणि चन्दनागिरिमूर्धनि ।

में तप किया ? ॥ ६ ॥ पुलस्त्य बोले— त्रिशूलगण्डकी के तीर से वाग्वती के तट पर्यन्त पूर्व पश्चिम विस्तृत चन्दनागिरि के नीचे सुप्रभा नाम की स्वर्ग की अमरावतीपुरी के तुल्य विख्यात पुरी थी, उस राजधानी में श्रीमान् राजा महेन्द्रदमन राज्य करता था ॥ ७-८ ॥ उस राजा महेन्द्रदमन की प्राणों से भी प्यारी बहिन रूप तथा लक्षणों से सम्पन्न प्रभावतीदेवी थी ॥ ९ ॥ वह प्रभावती सखियों के वारंवार प्रयत्न पूर्वक समझाने पर भी दैत्य और दानवों के कुलका पति नहीं चाहती थी ॥ १० ॥ इसलिए दैत्य दानवों के प्रार्थना करने पर भी दैत्य श्रेष्ठ महेन्द्रदमनने बहिन की इच्छा के बिना किसीको नहीं दिया ॥ ११ ॥ उस दैत्योत्तम महेन्द्रदमनने भगिनी (प्रभावती) की प्रीतिके लिए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रीत्यर्थं कारयामास भगिन्या दैत्यसत्तमः १२
वाग्वतीं च ह्रदीभूतां कमलोत्पलभूषिताम् ।
क्रीडार्थं निर्ममे देव्या भगिन्याःस महीपतिः १३
तस्य राज्ञः प्रतापेन रक्षिता वरसुन्दरी ।
न शक्यते बलान्नेतुं कैश्चिदप्यमरादिभिः १४
अतो निर्भयसंचारा राजपुत्री प्रभावती ।
तपोयोगरता नित्यं रूपातिशयशालिनी १५
नानारत्नालये रम्ये महेन्द्रदमनालये ।
क्रीडोद्यानेषु रम्येषु चित्रपुष्पाकुलेषु च ॥ १६ ॥

चन्दनागिरि (चन्द्रगिरि - चन्द्रागडी - चितलाङ्) के शिखर पर विचित्र उद्यान बनवाये ॥ १२ ॥ एवं प्रकार उस राजाने वाग्वतीको रोक कर सरोवर बनाया और उस में नाना प्रकार के कमल कुमुद लगाये सब प्रकार देवी बहिन के क्रीडाका साधन जुटाया ॥ १३ ॥ उस राजा के प्रताप से सुरक्षित उस अलौकिक सुन्दरी प्रभावतीको देव दैत्य दानव आदि कोई भी बलात्कार से ले नहीं सकते थे ॥ १४ ॥ अतएव निर्भय हो कर विहार करने वाली अत्यन्त सौन्दर्य शालिनी राजकुमारी प्रभावती नित्य तपस्या तथा योगका अभ्यास करती हुई नाना प्रकार के रत्नों से निर्मित तथा पूर्ण रमणीय अपने बडे भाई दैत्य राज महेन्द्रदमन के राज भवन में, रङ्गविरङ्ग के विविध पुष्पों से रमणीय क्रीडोद्यानों में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तोयावगाढे वाग्वत्याः कमलोत्पलभूषिते ।
सुरम्येषु नगाग्रेषु दरीषु कन्दरासु च ॥ १७॥
मोहयन्ती मनो यूनां रूपणाप्रतिमेन वै ।
सखीभिः सह सा देवी रराम रुचिरानना १८
नियमैरुपवासैश्च साभिषेकैश्च सन्ततम् ।
पूजाभिश्च विचित्राभिर्विधानैरपरैरपि ॥ १६ ॥
तपोयोगरता सा हि महर्षेर्वचनेन वै ।
उमामाराधयामास वाग्वतीप्रभवे गिरौ ॥ २० ॥
ततः कालेन दीर्घेण वरदानार्थमागताम् ।
योगीश्वरीमुमादेवीं ददर्श शिवसुन्दरीम् ॥२१॥

कुमुद कमलों से भूषित वाग्वती के जल से पूर्ण सरोवर (नेपाल उपत्यका) में सुन्दर पर्वतशियरों में गुहा तथा कन्दराओं में अतुल रूपसे युवकोंके मनको मोहित करती हुई सुन्दरमुखी वह देवी प्रभावती सखियोंके साथ चिरकाल तक क्रीडा करती रही ॥ १५ १६ १७ १८॥ त्रिकाल स्नानोंसे नियमोंसे उपवासोंस विचित्र पूजाओंसे अन्य विधानोंसे निरन्तर तपस्या और योगमें तत्पर रहकर महर्षिके वचनसें प्रभावतीने वाग्वती-प्रभव पर्वत (शिवपुरी) पर उमाकी आराधना की ॥ १६ २० ॥ तत्पश्चात् दीर्घकालमें वरदानके लिए आई हुई योगीश्वरी शिव-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दृष्टमात्रेण सा देवीं प्रणम्य विनयेन वै ।
स्तुत्वा स्तुतिशतैः पुण्यैरिदं वचनमब्रवीत् २२
पुण्येन महता देवि ! दृष्टं त्वत्पादपङ्कजम् ।
तपः सुसिद्धिरभवन्निश्चितं ममकांक्षितम् ॥२३॥
तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा वरदा पर्वतात्मजा ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं प्रहर्षोत्फुल्ललोचना ॥२४॥
एवमेवेति सुश्रोणि ! निश्चितं मम दर्शनात् ।
सिद्धं ते कांक्षितं वस्तु पुण्यञ्चापि प्रवर्धते ॥२५॥
आगमिष्यति सोऽत्रैव प्रद्युम्नो रूपिणां वरः ।

सुन्दरी उमादेवीको प्रभावतीने देखा ॥ २१ ॥ दर्शन पाते ही प्रभावतीने विनय पूर्वक प्रणाम कर सैकडों पवित्र स्तुतियों से स्तुति करके प्रभावतीने यह वचन कहा ॥ २२ ॥ हे देवि ! महापुण्यसे तुह्मारे चरणकमल का दर्शन मिला तपस्याकी सिद्धि हुई और मेरा अभीष्ट भी निश्चितरूप से सिद्ध हुआ ॥ २३ ॥ उसका वह वचन सुन कर हर्षसे प्रफुल्लनेत्रा वरदात्री पर्वत राज— कन्या पार्वती इस प्रकार का वचन बोली ॥ २४ ॥ हे सुश्रोणि ! तथास्तु मेरे दर्शनसे निश्चय तुह्मारा मनोवाञ्छित वस्तु सिद्ध होगा एवं पुण्य भी वढेगा ॥ २५ ॥ हेवरानने ! वह सुन्दरो में श्रेष्ठ प्रद्युम्न यहीं पर आवेगा और उसके साथ तुह्मारा

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भविष्यति विवाहश्च सह तेन वरानने ॥२६॥
त्वं प्रवेक्ष्यसि हे भद्रे द्वारकाञ्च मनोरमाम् ।
इत्युक्त्वा हिमवत्कन्या तत्रैवान्तरधीयत २७

ततः प्रहृष्टा दितिजेन्द्रकन्यका,
तपःश्रमाक्रान्तविलोचनोत्पला ।
प्रभावती पङ्कजगर्भकोमला,
विनिर्ययौ स्वं भवनं मनोरमम् २८

इति श्री वाग्वतीप्रशंसायां प्रद्युम्नविजये गौरीवरप्रदानो नाम पञ्चमोऽध्यायः ।

पुलस्त्य उवाच—

ततो देव्याः प्रभावेण प्रद्युम्नो रुक्मिणीसुतः ।
प्रणम्य पितरं मूर्ध्ना चेदं वचनमब्रवीत् ॥ १ ॥

विवाह होगा ॥ २६ । हे भद्रे ! तुम मनोहर द्वारका पुरी में प्रवेश करोगी । इतना कहकर हिमालयकी कन्या पार्वती वहीं पर अन्तर्धान होगई ॥ २७ ॥ उस के बाद तपस्याके परिश्रमसे कुम्हलाये हुए नेत्रकमलवाली कमलके गर्भके तुल्य कोमलाङ्गी दैत्यराजकन्या प्रभावती प्रसन्न होकर अपने मनोहर भवनको चली गई ॥ २८ ॥

पञ्चम अध्याय समाप्त ।

पुलस्त्य बोले— उसके अनन्तर देवीके प्रभावसे रुक्मिणीपुत्र प्रद्युम्न पिताको शिरसे प्रणाम कर यह वचन बोले ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रद्युम्न उवाच—

भगवन्नेतुमिच्छामि तीर्थयात्रां यदृच्छया ।
शम्बरस्य बधोद्भूतं पाप्मानं मोक्तुमर्हसि ॥२॥
इत्युक्तमात्रेण तदा प्रद्युम्नेन महात्मना ।
व्याजहार शुभं वाक्यं भगवान् रुक्मिणीपतिः ३

श्रीकृष्ण उवाच—

नेष्यामि पुत्र हे वीर तीर्थयात्रां यदृच्छया ।
यात्रोत्सवरतानां हि कालो रम्यः प्रवर्तते ॥४॥
पश्य पद्मोत्पलाकाशैः पूर्यते दीर्घिकाजलम् ।
प्रसन्नसलिला जाताः सर्वाश्चैव समुद्रगाः ॥ ५ ॥

प्रद्युम्न बोले— भगवन् ! स्वेच्छापूर्वक तीर्थयात्रा करना चाहता हूँ, शम्बरासुर के बधसे लगे हुए पापसे मुक्त कीजिये ॥ २ ॥ महात्मा प्रद्युम्नके इतना कहने पर उस समय भगवान् रुक्मिणीरमण शुभ वाक्य बोले ॥ ३ ॥ श्रीकृष्ण बोले— हे वीर पुत्र ! यथेच्छ तीर्थयात्रा में ले चलेंगे क्योंकि यात्रा उत्सव आदि में तत्पर लोगोंके लिए सुन्दर समय है ॥ ४ ॥ देखो, कमल कुमुद आदियोंसे वापियोंका जल पूर्ण है, निर्मल स्फटिकतुल्य ज़लसें चन्द्रतारा सहित आकाश प्रतिबिम्बित है, समस्त नद नदी खोला नाला स्वच्छ होगये हैं, हंसो की मालाका विमल धवल वस्त्र धारण कर धरणी रमणीय दिखाई देती है;

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दृश्यते धरणी रम्या हंसमालाऽमलांशुका ।
नीलमेघविनिर्मुक्ता निर्मलाश्च दिशो दश ॥६॥

पुलस्त्य उवाच—

इत्युक्त्वा भगवान् विष्णुः शंखचक्रगदाधरः ।
आरुरोह गरुत्मन्तं प्रद्युम्नस्तु रथोत्तमम् ॥ ७ ॥
तत्क्षणादेव देवेशः सपुत्रो गरुडध्वजः ।
तीर्थयात्राटनार्थेन द्वारकामजहात् पुरीम् ॥ ८ ॥
देविकाप्रभवं चैव वितस्तिप्रभवं तथा ।
सिन्धोश्च प्रभवं चैव शतद्रुप्रभवं तथा ॥ ९ ॥
प्रभवं च सरस्वत्या यमुनाप्रभवं तथा ।
प्रभवं चैव गङ्गाया गोमतीप्रभवं तथा ॥ १० ॥

श्रावण के नीलवर्ण सजल जलधरोंसे मुक्त हो कर दशोंदिशायें निर्मल हो चुकी हैं ॥ ५–६ ॥ पुलस्त्य बोले— इतना कह कर चारों भुजाओं में शंख चक्र गदा पद्म ले कर भगवान् विष्णु गरुड पर आरूढ हुए, किन्तु प्रद्युम्न उत्तम रथ पर चढे ॥ ७ ॥ पुत्र सहित देवेश्वर गरुडध्वजने तीर्थाटन के निमित्त तत्काल द्वारकापुरीको त्याग दिया ॥ ८ ॥ क्रमशः) देविका नदीप्रभवतीर्थ, वितस्तिप्रभव, सिन्धुप्रभव, शतद्रुप्रभव, सरस्वतीप्रभव, यमुना प्रभव, गङ्गाप्रभव (गङ्गोत्तरी), गोमतीप्रभव, सरयूप्रभव,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सरयूप्रभवं चैव गण्डकीप्रभवं तथा ।
सप्तलीति ह्रदं चैव कौशिकीप्रभवं शुभम् ११
अनेकानि च तीर्थानि भ्रमन्नन्यानि चैव हि ।
वाग्वतीप्रभवं प्राप्तः सपुत्रो भगवान् हरिः १२
ततः सम्प्राप्तमात्रेण नारदो मुनिसत्तमः ।
स्तुत्वा स्तुतिसतैः पुण्यैरिदं वचनमब्रवीत् १३
भगवन् पुण्डरीकाक्ष सूर्यकेतुर्नराधिपः ।
चिरकालोषितस्तत्र श्वेतकापुरिकांक्षया ॥१४॥
सा राजदुहिता देवी प्रद्युम्नाय प्रकल्पिता ।
नाम्ना चन्द्रावती गीता चन्द्रबिम्बनिभानना १५
तां हर्तुमीहते देवीं महेंद्रदमनोऽसुरः ।

गण्डकीप्रभव, सप्तलीह्रद, कौशिकीप्रभव एवं अनेक अन्य तीर्थों में भ्रमण करते हुए पुत्र सहित भगवान हरि वाग्वतीप्रभव (शिवपुरी) तीर्थ में आये ॥ ९-१०--११--१२ ॥ तदनन्तर शतशः पवित्र स्तुति कर मुनि श्रेष्ठ नारद यह वचन बोले ॥ १३ ॥ भगवन् ! हे पुण्डरीकाक्ष ! राजा सूर्यकेतु श्वेतकापुरीकी इच्छासे वहां पर चिरकालसे निवास करता है ॥ १४ ॥ चन्द्रबिम्बतुल्य मुखवाली वह प्रसिद्ध राजकुमारी चन्द्रावती देवी प्रद्युम्नके लिए संकल्पित है ॥ १५ ॥ राजा के कन्यादान बिना मोह से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्मोहादेव दुर्बुद्धिरप्रदानान्महीपते: ॥ १६ ॥
अतः पूर्णेन्दुवदनां नीलोत्पलदलेक्षणाम् ।
रूपातिशायिनीं देवीं विवाहे गृह्यतां विभो १७
दीर्घकालनिरुद्धाङ्गी चन्दनागिरिमालया ।
वाग्वती च सरिच्छ्रेष्ठा गङ्गां द्रष्टुं समीहते १८
पुनः प्रभावती नाम राजपुत्री यसस्विनी ।
प्रद्युम्नं रूपिणां श्रेष्ठं कांक्षते तपसाऽसकृत् १६
अतोऽद्रिशिखरे रम्ये प्रद्युम्नेन महात्मना ।
अद्यैकां रजनीमत्र वस्तव्यं मम शासनात् २०
ततः श्रुत्वा मुनेर्वाक्यं भगवान् मधुसूदनः ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं विस्मयोत्फुल्ललोचनः २१

दुर्बुद्धि असुर महेन्द्रदमन उस देवी को हरना चाहता है ॥ १६ ॥ इसलिए पूर्णचन्द्रमुखी नीलकमलदलतुल्यलोचना अतिसुन्दरी देवीको विवाहकर ग्रहण कीजिये ॥ १७ ॥ चन्दनागिरि (चित-लाङ्) की माला से चिरकाल से निरुद्धजला नदीश्रेष्ठ वाग्वती गङ्गाका दर्शन करना चाहती है ॥ १८ ॥ फिर प्रभावती नाम की यशस्विनी राजपुत्री सुन्दरों में श्रेष्ठ प्रद्युम्नकी इच्छा से वारंवार तपस्याकर रही है ॥ १६ ॥ इस लिए सुन्दर शैल-शिखर पर महात्मा प्रद्युम्न के साथ आज एक रात्रि मेरी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्बन्धित्वं नरपतेः सूर्यकेतोर्विशेषतः ।
कथं नेच्छामि देवर्षे अभिप्रेतं त्वया पुनः २२
अनिहत्य दुरात्मानं शक्रशत्रुं सुदुर्जयम् ।
चन्द्रावत्या विवाहस्तु सद्यः किन्तु न शोभते २३
हर्तुं चन्द्रावतीं मोहादीप्सतश्च दुरात्मनः ।
भविष्यति वधस्तस्य प्रद्युम्नेन महात्मना ॥२४॥
अहमप्यागमिष्यामि तस्मिन्नवसरे शुभे ।
तदा मोक्ष्यामि देवर्षे भित्वा शैलं सरिद्वराम् २५
तस्मिन्नवसरे पुण्ये देवकण्टकवर्जिते ।
चन्द्रावत्या विवाहश्च भविष्यति ममाज्ञया ॥२६॥

प्रार्थनासे निवास कीजिये ॥ २० ॥ उसके अन्तर मुनिका वाक्य सुनकर भगवान् मधुसूदन विस्मयसे नेत्रोंको प्रफुल्ल कर ऐसा वचन बोले ॥ २१ ॥ राजाका सम्बन्ध (समधी) विशेषकर सूर्यकेतुका कैसे न चाहें हे देवर्षे! पुनः आपका अभीष्ट तो अवश्य चाहते हैं ॥ २२ ॥ किन्तु दुरात्मा दुर्जय इन्द्रके शत्रुको न मारकर तत्काल चन्द्रावतीका विवाह शोभा नहीं देता ॥ २३ ॥ मोहसे चन्द्रावतीको हरनेकी इच्छा वाले उस दुरात्माका बध महात्मा प्रद्युम्नके द्वारा होगा ॥ २४ ॥ उस शुभ अवसर पर मैं भी आऊँगा, हे देवर्षे !! उसी समय पर्वतको फोड कर श्रेष्ट

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दृष्टमात्रे विवाहे च चन्द्रावत्यास्तदैव हि ।
राजर्षेः सूर्यकेतोस्तु गन्तव्यं श्वेतकापुरम् २७
अद्यैकां रजनीमत्र रम्येऽस्मिन् शैलमूर्धनि ।
प्रद्युम्नेन च वस्तव्यं महर्षे वचनात्तव ॥ २८ ॥

इतीरयित्वा वचनं यथेप्सितं,
दिशं शरच्छुभ्रबलाहकाकुलाम् ।
सुवर्णशैलाग्रसमानरूपिणं,
खगेन्द्रमारुह्य विनिर्ययौ हरिः २८

इति श्री वाग्वतीप्रशंसायां महर्षिसंदर्शनं नाम षष्ठोऽध्यायः ॥

नदी वाग्वतीको भी मुक्त करूँगा ॥२५॥ देवकण्टकरहित उस पुण्य समयमें मेरी आज्ञासे चन्द्रावतीका विवाह होगा ॥२६॥ उसी समय चन्द्रावतीका विवाह देखते ही राजर्षि सूर्यकेतुका श्वेतकापुरी प्रस्थान होगा ॥२७॥ आज एक रात्रि इस रमणीय पर्वत शिखर पर प्रद्युम्नको हे महर्षे! तुह्मारे वचनसे रहना चाहिए ॥२८॥ इतना वचन बोलकर अपनी इच्छानुसार सुमेरुके शिखर तुल्य गरुड पर चढकर शरद ऋतुके शुभ्रमेघोंसे व्याप्त दिशाकी ओर हरि निकल गये ॥२९॥

षष्ठ अध्याय समाप्त

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुलस्त्य उवाच—

ततः प्रहृष्टहृदयो नारदो मुनिसत्तमः ।
प्रभावतीं पुरोधाय प्रद्युम्नमिदमब्रवीत् ॥ १ ॥

नारद उवाच—

मधुस्त्वं पूर्वदेहेन कामश्चैव त्वमेव हि ।
या माधवी मधोर्भार्या सैषा देवी प्रभावती ॥ २ ॥
अस्माद्विकल्पमुत्सृज्य प्रतिगृह्णीष्व मानद ।
मत्प्रदत्तां विशेषेण बाणराजसुतामिमाम् ॥ ३ ॥
त्वञ्च रूपवतां श्रेष्ठो रूपाढ्या च प्रभावती ।
ममाज्ञया विवाहश्च कर्तव्यः सद्य एव हि ॥ ४ ॥
इत्युक्त्वा कृतमङ्गल्यो हर्षोत्फुल्लविलोचनः ।
नारदो भगवान् वाक्यमब्रवीदीदृशं पुनः॥ ५

पुलस्त्य बोले— उस के बाद प्रसन्न मन से मुनिश्रेष्ठ नारद प्रभावतीको आगेकर प्रद्युम्नसे यह वचन बोले ॥ १ ॥ नारद बोले— तुम पूर्व जन्मके मधु हो, और कामदेव भी तुम्ही हो, मधुकी पत्नी माधवी थी वही यह देवी प्रभावती है ॥ २ ॥ इस कारणसे विकल्प त्याग कर हेमानद! विशेषकर मेरी दी हुई इस बाणराजकन्याका परिग्रह करो ॥ ३ ॥ तुम रूपवालो में श्रेष्ठ हो और रूपवतियों में श्रेष्ठ देवी प्रभावती है, मेरी आज्ञासे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अद्यैकां रजनीमत्र कर्तव्या वसतिस्त्वया ।
गन्तव्यो रथमारुह्य श्वः प्रभाते स्वसालयः ॥६॥
पूर्णचन्द्रानना रम्या कुमुदामोदशालिनी ।
समागता निशा सेयं सुरतोत्सुककारिणी ॥७॥
न विद्यते भयं चात्र निश्चयान्मम तेजसा ।
इत्युक्त्वा नारदो धीमान् स्वेच्छया क्वापि निर्ययौ ८
ततोऽप्सरोभिरसकृत्सेविते क्रीडया शुभे ।
विचित्रतरुखण्डाढ्ये चित्रपुष्पलतागृहे ॥ ९ ॥
विलसत्कुसुमाकीर्णे निनदद्भ्रमराकुले ।
निघुष्टकिन्नरोद्गीते विलसन्मृगसेविते ॥ १० ॥

शीघ्र ही विवाह करो ॥ ४ ॥ इतना कह कर मङ्गल कर हर्षसे प्रफुल्लनेत्रवाले भगवान् नारद पुनः इस प्रकारका वचन बोले ॥ ५ ॥ आज एक रात्रि तुमको यहीं वास करना चाहिए, कल प्रातः रथपर आरूढ होकर अपने घर जाना ॥ ६ ॥ मुकुदोंसे आमोदित पूर्णचन्द्रमुखी वही यह सुरतोत्सुकता करने वाली रमणीय रात्रि आरही है ॥ ७ ॥ मेरे तेजसे यहाँ पर कोई भय भी नहीं है, इतना कहकर बुद्धिमान् नारद स्वेच्छासे कहीं निकल गये ॥ ८ ॥ तदनन्तर जहाँ पर क्रीडार्थ वारंवार अप्सरायें आती-हैं ऐसे सुन्दर, विचित्र वृक्षोंके झुण्डोंसे शोभायमान , चित्र विचित्र पुष्पलताकुञ्जवाले, खिलते हुए कुसुमोंसे

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अङ्के निधाय सुश्रोणीं लज्जमानां प्रभावतीम् ।
तत्र शैले सुखासीनः प्रद्युम्नो वाक्यमब्रवीत् ११
पश्य त्वद्वक्त्रपूर्णेन्दुकान्त्या विजितमम्भसि ।
सङ्कोचं याति कमलं भद्रे चन्द्रांशुशङ्कया ॥१२॥
वाग्वत्या विमले तोये विरुते जलपक्षिणाम् ।
पिशुनं क्रियते देवि तव नूपुरनिस्वने ॥१३॥
ज्योत्स्नाभिर्विमलाभिर्गामभिषिञ्चन् महीधरम् ।
विभाति भगवांश्चन्द्रो यामिनीतिलकोपमः १४
किञ्जल्ककपिलाङ्गानां षट्पदानां वरानने ।
समुच्चरन्ति हुङ्कारा विबुद्धे कुमुदाकरे ॥१५॥

व्याप्त, झंकार करते हुए भ्रमरोंसे भरे, किन्नरोंके मधुर गीतसे ध्वनित, निश्शङ्क मृगोंकी क्रीडा से मनोहर, उस पर्वत पर सुख पूर्वक बैठे प्रद्युम्नने लज्जालु सुन्दरकटी प्रभावतीको अङ्कमें रखकर यह वाक्य कहा ॥ ९-१०-११ ॥ हे भद्रे ! देखो, तुम्हारे मुखरूपी पूर्णचन्द्रकी कान्तिने पराजित होकर चन्द्रमा के किरणोंकी शङ्कासे कमल पानी में संकुचित है ॥ १२ ॥ हे देवि ! वाग्वतीके निर्मल जलमें विहार करते हुए जलपक्षियों-का कलरव तुम्हारे नूपुरों की ध्वनिकी शङ्का उत्पन्न करता है ॥ १३ ॥ यामिनी कामिनी के भालपटलके तिलक तुल्य भगवान् चन्द्रमा निर्मल चन्द्रिकाओंसे पृथ्वीका और पर्वतका अभि-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

च्छिप्तपुष्परजोऽजस्रं वाग्वतीजललासकः ।
प्रवाति पवनो देवी मन्दमङ्गसुखप्रदः ॥ १६ ॥
मन्दालिकालयोपेतं मन्मनोमोहकारणम् ।
उद्गीतं किन्नराणाञ्च श्रूयते शुभगध्वनि ॥ १७ ॥
इत्युक्त्वा रूपिणां श्रेष्ठः प्रद्युम्नः प्रियया सह ।
स रेमे रजनीमेकां रम्येऽस्मिन् शैलमूर्धनि १८
ततः प्रभातसमये राजपुत्री प्रभावती ।
विनयेनाञ्जलिं कृत्वा प्रद्युम्नमिदमब्रवीत् ॥ १९ ॥
महेन्द्रदमनो नाम भ्राता मम दुरासदः ।
शम्बरस्य बधं श्रुत्वा सततं त्वयि कुप्यति २०

षेक करते हुए विराजमान हैं ॥ १४ ॥ हे वरानने ! प्रफुल्ल कुमुद्वाकरों में कुसुमकेशरोंसे पीले अङ्गवाले भ्रमरों के हुँकार हो रहे हैं ॥ १५ ॥ हे देवि ! निरन्तर पुष्परजको उडाताहुआ, वाग्वती के जलको नचाता हुआ, अङ्गोंको सुख देने वाला पवन मन्द मन्द चल रहा है ॥ १६ ॥ मन्दालिकालय सहित सुन्दर ध्वनिवाला मेरे मनको मोहित करनेवाला किन्नरोंका उत्कृष्ट गीत सुनाइ देता है ॥ १७ ॥ इतना कहकर सुन्दरों मे श्रेष्ठ प्रद्युम्नने प्रियाके साथ इस रम्य शैलशिखर पर एक रात्रि विहार किया ॥ १८ ॥ प्रभात समयमें राजपुत्री प्रभावतीने

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रद्युम्न रूपिणां श्रेष्ठ महर्षेर्वचनात्तथा ।
तस्माद्रम्येऽपि शैलेऽस्मिन्न चिरं स्थातुमर्हसि २१
सखी चन्द्रावती चैव नित्यं तव हितैषिणी ।
विन्यासः स्थाप्यतां यस्माद्वाग्वतीसलिले शुभे २२
वचनान्ते ततो देव्याः प्रद्युम्नो रूपिनां वरः ।
संपूज्य वाग्वतीं यत्नैरिदं वचनमब्रवीत् ॥ २३ ॥
रुद्रवक्त्राद्विनिर्याते रुद्रलोकफलप्रदे ।
दैत्येन्द्रपुण्यकेतोस्तु पताकांशुकसन्निभे ॥२४॥
आसुरीभिश्च यक्षीभिरप्सरोभिस्तथैव च ।
उपस्पृष्टजले पुण्ये प्रकामफलदायिके ॥ २५ ॥

विनय पूर्वक हाथ जोडकर प्रद्युम्नसे यह कहा ॥ १९ ॥ मेरा भाई दुर्जय महेन्द्रदमन शम्बरका बध सुनकर सदैव तुम पर क्रोध करता है ॥ २० ॥ रूपशालियोंमें श्रेष्ठ हे प्रद्युम्न! इस लिए एवं महर्षिके वचनसे रमणीय होने परभी चिरकाल इस पर्वतमें रहना ठीक नहीं है ॥ २१ ॥ और सखी चन्द्रावती भी नित्य तुह्मारा ही हित चाहती है, इस लिए यत्नसे वाग्वती के शुभ जलमें विन्यास (धरोहर) रखो ॥ २२ ॥ तदनन्तर देवी के वचनसे अतिसुन्दर प्रद्युम्नने यत्नसे पूजा कर वाग्वतीको यह कहा ॥ २३ ॥ हे रुद्रके मुखारविन्दसे प्रादुर्भूते!

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मृगेन्द्रशिखरोत्सङ्गे पाविते च निजोदकैः।
सुरोपनीतमन्दाररजोरञ्जितवारिणि ॥२६॥
रक्ष तां निम्नगे गर्भे सूर्यकेतुसुतामिमाम्।
यथा न नीयते तेन महेन्द्रदमनेन सा ॥२७॥
इत्युक्त्वा वाग्वतीतोये विनिक्षिप्य च सुन्दरीम्।
आरुरोह रथं चित्रं कामगं मकरध्वजः ॥२८॥
स्वच्छस्फटिकसङ्काशसरिद्वारिविराजिताम्।
प्रमत्तभ्रमरालीनविबुद्धकमलाननाम् ॥२९॥
प्रफुल्लकुसुमाकीर्णपर्वतोद्यानकञ्चुकाम्।
शरदिन्दुकरापाण्डुराजहंससितांशुकाम् ॥३०॥

हे रुद्रलोकका फल देनेवालि! दैत्येन्द्र प्रह्लादके पुण्यमय ध्वज की पताकास्वरूपे! आसुरी यक्षिणी किन्नरी अप्सरा आदियोंसे तुह्मारे जलका आचमन किया है, हे पुण्यमयी! हे कामनानुकूल-फलदात्री नदी! देवताओं द्वारा दिये गये कल्पवृक्षके पुष्पोंके परागसे रञ्जित जलवाले मृगेन्द्र शिखरके गोदमें अपने गर्भमें इस सूर्यकेतुकी पुत्रीको रखो जिससे वह महेन्द्रदमन हरण न कर सके ॥२४-२५-२६-२७॥ इतना कह कर वाग्वती के जल में उस सुन्दरी को निक्षेप (धरोहर नासो) रख कर मीनकेतु प्रद्युम्न इच्छानुसार चलने वाले विचित्र रथ पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विलोक्य धरणीं देवीमुत्तमामिव कामिनीम् ।
प्रयातो रुक्मिणीसूनुरिदं वचनमब्रवीत् ॥३१॥
उन्नतं पश्य सुश्रोणि दानवानां पुरोत्तमम् ।
मया विनिहतो यत्र समरे कालशम्बरः ॥३२॥
रुद्रश्चिच्छेद यत्रैव ब्रह्मणः पञ्चमं शिरः ।
रुचिरं पश्य सुश्रोणि काश्मीरं कुङ्कुमाकरम् ३३
पश्य पङ्कजगर्भोरु विषयं सिन्धुसंज्ञकम् ।
पूर्णेन्दुवदने पश्य पाश्चाद्देशं पृथक् पृथक् ३४
शंखशुभ्रसमुद्रोर्मिमालावसनशालिनीम् ।

चढे ॥ २८ ॥ स्वच्छ स्फटिक मणिके तुल्य नदी जलसे विराजमान, उन्मत्त भ्रमरोंसे अध्यासित विकसित कमलरूपी मुखवाली, प्रफुल्ल पुष्पोंसे व्याप्त पर्वतों के उद्यानोंकी चोलीवाली, शरदऋतुके पूर्णचन्द्रके किरणोंके समान शुक्ल राजहंसोंके श्वेतशाटिकाञ्चलवाली, उत्तम कामिनीके समान रमणीय पृथ्वीदेवीको देखकर प्रस्थान करते हुए रुक्मिणीनन्दन प्रद्युम्न यह वच बोले ॥ २९-३०-३१ ॥ हे सुमध्ये ! दानवोंकी उन्नत एवं उत्तम पुरीको देखो, जहाँपर हमने युद्धमें कालशम्बरको मारा था ।३२। और जहाँपर रुद्रने ब्रह्माके अभिमानी पञ्चम शिरको काटा था, हेसुश्रोणि ! कुंकुम केशरकी खानि मनोहर काश्मीरको देखो ॥ ३३ ॥ हेपङ्कजगर्भोरू ! सिन्धुदेशको देखो, हेपूर्णचन्द्रमुखि ! पश्चिमके

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पश्य पीनोन्नतकुचे द्वारकां नगरीं मम ॥ ३५ ॥
ततो विवेशात्मपुरीं मनोरमां,
मनोरमामोहविधायिविग्रहः ।
पुराङ्गनालोचनलोलषट्पदै-
र्निपीतिवक्त्राम्बुरुहो जनार्दनिः ३६

इति श्री वाग्वतीप्रशंसायां प्रद्युम्नविजये प्रभावतीविवाहो नाम सप्तमोऽध्यायः ॥

पुलस्त्य उवाच —

ततः प्रहृष्टहृदयः सुप्रभाभवनं शुभम् ।
प्रविवेशाऽसुरैः पूर्णं नारदो मुनिसत्तमः ॥ १ ॥

पृथक् पृथक् देशोंको देखो ॥ ३४ ॥ हेपीनोन्नतकुचे ! शंखोंसे शुभ्र समुद्रके तरङ्गोंकी मालाके दुकूलसे शोभित मेरी नगरी द्वारकाको देखो ॥ ३५ ॥ (इतना कहकर) नगरकी नारियोंके नेत्र रूपी भ्रमरोंके द्वारा निपीत मुखकमलवाले मनोरमाओंको मोहित करनेवाले सुन्दर शरीरवाले जनार्दननन्दन प्रद्युम्नने अपनी मनोरमा पुरीमें प्रवेश किया ॥ ३६ ॥

सप्तम अध्याय समाप्त ।

पुलस्त्य बोले— उसके अनन्तर मुनिसत्तम नारदने प्रसन्न मनसे असुरगणोंसे पूर्णसुन्दर सुप्रभाभवनमें प्रवेश किया ॥ १ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रविश्याऽन्तस्तदा शीघ्रं ज्वलन्तमिव तेजसा।
रत्नाभरणसम्भूतप्रभापल्लवितश्रियम् ॥ २ ॥
चक्रचामरशंखाब्जश्रीवत्सकृतलक्षणम् ।
अलङ्कृतकराग्रेण शोभितं शुभकारिणम् ॥ ३ ॥
रक्तपद्मदलाताम्रज्वलल्लोलविलोचनम् ।
आवासमिव दर्पाणां भिन्नवैडूर्यसप्रभम् ॥ ४ ॥
अनेकासुरसङ्कीर्णसभालङ्कारसन्निभम् ।
माणिक्यशकलाकीर्णहेमासनवरस्थितम् ॥ ५ ॥
राज्यलीलासुखाम्भोधिनिमग्नवरविग्रहम् ।
ददर्श नारदो धीमान् राजानं शक्रतापनम् ६

शीघ्र भीतर प्रवेशकर उस समय तेजसे मानों जाज्वल्यमान, रत्नोंके अलङ्कारोंसे उत्पन्न प्रभासे पल्लवित शोभावाले, चक्र चवंर शंख कमल श्रीवत्स आदियोंसे उपलक्षित, केयूर कङ्कण अंगुलीयक आदिसे भूपित कराग्रवाले, शोभायमान शुभकरी, रक्तकमलके तुल्य ताम्रवर्ण जाज्वमान लोचनवाले मानों मूर्तिमान् अभिमान हो, ऐसे फुटे हुए वैदूर्यमणिके समान वर्णवाले, अनेक असुरोंसे भरी हुई सभाके अलङ्कारके तुल्य, माणिक्य खण्डोंसे जटित उत्तम सुवर्णसिंसासन पर विराजमान, राज्यलीलाके सुख-सागरमें निमग्न सुन्दर शरीरवाले, इन्द्रको भी सन्तप्त करनेवाले

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततो दत्तवराशीश्च पठद्वेदो महामुनिः ।
निषसादाऽऽसनवरे कल्पिते हेमनिर्मिते ॥ ७ ॥
कौतूहलपरो भूत्वा दृष्ट्वाऽऽयातं महामुनिम् ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं श्रीमानसुरसत्तमः ॥ ८ ॥
आयातं व्योममार्गेण मेरुशृङ्गाग्रसन्निभम् ।
तस्य मूर्ध्नि समाविष्टमिन्द्रनीलसमप्रभम् ॥ ६ ॥
तदग्रेण समायातं बालादित्यसमप्रभम् ।
चरद्भिरसुरैर्दृष्टं मम शासनवर्त्तिभिः ॥ १० ॥
अव्यक्तं नावगच्छामि किमिदं वै तपोनिधे ।
ज्ञाता त्वमसि कार्याणां सर्वेषां मुनिसत्तम ॥ ११ ॥

राजाको बुद्धिमान् नारदने देखा ॥ २-३-४-५-६ ॥ उसके अन्तर वर आशीर्वाद देकर वेदपाठ करते हुए महामुनि स्वर्ण निर्मित सज्जित आसन पर बैठे ॥ महामुनिको आया देखकर कौतुकसे असुर राजने इस प्रकारका वचन बोला ॥ आकाशमार्गसे आता हुआ सुमेरुके शिखरके अग्रभागके समान यह क्या है? इसके कन्धोंमें बैठा हुआ इन्द्रनीलमणिके सदृश प्रभावाला यह क्या है? तथा इसके आगे २ आता हुआ बालभास्करके तुल्य कान्तिवाला यह क्या है? मेरी आज्ञासे भ्रमण करते हुए असुरोंकेद्वारा देखा गया यह क्या है? सारा अव्यक्त है, ठीक २

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ततस्तस्य वचः श्रुत्वा दैत्येन्द्रस्य महात्मनः ।
व्याजहार शुभं वाक्यं नारदो मुनिपुङ्गवः ॥१२॥
यदि कौतूहलं राजन् विद्यते तव साम्प्रतम् ।
श्रावयिष्याम्यहं क्षिपं दृष्टं स्वेनैव चक्षुषा १३
आयातो व्योममार्गेण वाग्वतीप्रभवं गिरिम् ।
मेरुशृङ्गाग्रसङ्काशो गरुत्मानिति विश्रुतः ॥१४॥
तस्य मूर्ध्नि समाविष्ट इन्द्रनीलसमप्रभः ।
यदुवंशपतिः श्रीमान् विष्णुरित्यभिधीयते १५
तदग्रेण समायातो बालादित्यसमप्रभः ।
रुक्मिणीतनयो बीरः प्रद्युम्न इति कीर्त्यते ॥१६॥

नहीं जान सका हेमुनि! कहिए, सभी कार्योंके ज्ञाता आप मुनि श्रेष्ठ हैं ॥ ११ ॥ उसके पश्चात् उस महान् आत्मा दैत्यराजका वचन सुनकर मुनिपुङ्गव नारद शुभ वाक्य बोले ॥ १२ ॥ राजन्! यदि कौतुक है तो अब हम शीघ्र अपने ही आखोंसे देखी हुई वातको सुनायेंगे ॥ १३ ॥ आकाशमार्गसे वाग्वतीप्रभवशैल (मृगेन्द्रशिखर = शिवपुरी) आनेवाला सुमेरुशिखर समान प्रसिद्ध गरुड है ॥ १४ ॥ उस गरुडके स्कन्धमें बैठेहुए इन्द्रनीलके सदृश कान्तिमान् श्रीमान् (लक्ष्मीपति) यदुवंशपति विष्णु हैं ॥ १५ ॥ विष्णुके आगे २ आनेवाला बालभास्कर-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तीर्थयात्राप्रसङ्गेन प्रागतो रुक्मिणीसुतः ।
चकार हरणं देव्याः प्रभावत्या यदृच्छया १७
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा महर्षेरमितौजसः ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं श्रीमानसुरसत्तमः ॥१८॥
मुनिना विदितः किन्तु प्रागतो विष्णुरित्ययम् ।
यदि जानाम्यहं व्यक्तं सपुत्रं न त्यजामि तम् १९
इत्युक्तवति दैत्येन्द्रे विहस्याऽसुरसत्तमम् ।
नारदो भगवान् वाक्यमब्रवीदीदृशं पुनः २०
नाधिक्षेपस्त्वया वाच्यो विष्णोरमिततेजसः ।
दंष्ट्रारत्नं महारत्नं विद्यते यस्य वेश्मनि ॥ २१ ॥

कान्तिवाला रुक्मिणीपुत्र बीर प्रद्युम्न है ॥ १६ ॥ तीर्थयात्राके प्रसङ्गसे आए हुए रुक्मिणीपुत्रने अपनी इच्छासे प्रभावती देवीको हरण किया ॥ १७ ॥ अमित तेजस्वी उन महर्षिके उस वचनको सुनकर श्रीमान् असुर श्रेष्ठ इस प्रकारका वचन बोला ॥ १८ ॥ किन्तु विष्णु आया करके मुनिने जाना, यदि मैं व्यक्तरूपसे जानता तो पुत्र सहित उसको कभी न छोडता ॥ १९ ॥ दैत्येन्द्रके इतना कहने पर भगवान् नारद हँसकर असुर श्रेष्ठसे पुनः इस प्रकारका वाक्य बोले ॥ २० ॥ अमिततेजवाले विष्णुको तुम आक्षेप मत लगावो, जिसके भवनमें महारत्न

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुरा महावराहस्य दंष्ट्रया निर्मितं सुरैः ।
कदाचित्तेन वै लब्धं रत्नं सूर्यसमप्रभम् ॥ २२ ॥
दिवा रक्षितमर्केण रजन्याममृतांशुना ।
दिवानिशञ्च यत्नेन यादवैः परिरक्षितम् ॥२३॥
नवोदितार्कबिम्बाभं नित्यमेव सुपूजितम् ।
रत्नमस्ति महाबाहो कामदं लोकदुर्लभम् ॥२४॥
प्रभावात्तस्य रत्नस्य द्विगुणीभूतविक्रमम् ।
विष्णुं जेतुं महाबाहो कस्य शक्तिः प्रवर्तते २५
हरणेन प्रभावत्याः शम्बरस्य बधेन च ।
यदि कोपोऽस्ति दैत्येन्द्र ह्रियतां रत्नमुत्तमम् २६

दंष्ट्रारत्न विद्यमान हैं ॥ २१ ॥ पहले बाराह कल्पमें देवताओंने महावराहके दाँतसे बनाये हुए इस सूर्यतुल्यकान्तिवाले रत्नको एक समय विष्णुने प्राप्त किया ॥ २२ ॥ उस दंष्ट्रारत्नकी रक्षा दिनमें सूर्य करता है, रातमें चन्द्रमा करता है और रात दिन यादवलोग यत्नसे करते हैं ॥ २३ ॥ हेमहाबाहो! नित्य जिसकी पूजा होती है, वह नवोदित सूर्यबिम्बके समान रत्न सम्पूर्ण कामनाओंको पूर्ण करनेवाला लोकमें दुर्लभ है ॥२४॥ उस रत्नके प्रभावसे द्विगुण विक्रमवाले उस विष्णुको हेविशालभुजावाले! जितनेकी किसकी शक्ति है ॥ २५ ॥ हेदैत्येन्द्र! प्रभावतीके हरण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तवैकस्यागतं गम्यमगम्यमपरैर्नृपैः ।
रत्नस्याहरणादन्यत्किमस्ति पृथिवीपते ॥ २७ ॥
एवं सम्भाष्य दैत्येन्द्रं ज्वलत्कोपानलाकुलम् ।
निष्क्रम्य राजभवनान्निर्ययौ स महामुनिः ॥२८॥
गतेऽथ नारदे राजा रत्नाहरणहेतुना ।
राहुमादिश्य चन्द्रस्य ग्रहणं स प्रतीक्षते ॥२९॥
एकदा तु दिने रम्ये दृष्ट्वा सङ्केतमात्मनः ।
ज्वलदाताम्रनयनो भ्रुकुटीकुटिलालिकः ॥३०॥
सन्नद्धो बद्धकवचः खड्गपाणिर्धनुर्धरः ।
सिंहस्कन्धो महोरस्को बलशौर्यसमन्वितः ३१

से तथा शम्बरके बधसे यदि क्रोध है तो उस उत्तम रत्नका हरण करो ॥ २६ ॥ एकमात्र तुम इस कामको कर सकते हो, और राजा लोग नहीं कर सकते, हेपृथिवीपते ! रत्नकी प्राप्तिसे अन्य उत्तम काम क्या है ? ॥२७॥ इस प्रकार भाषण कर दैत्यराजको कोपानलसे जाल्यमान वनाकर राजभवनसे निकलकर वह महामुनि निकल गये ॥ २० ॥ नारदके निकल जाने पर रत्न हरण के हेतुसे वह राजा राहुको चन्द्रग्रहणकी आज्ञा देकर प्रतीक्षा करने लगा ॥ २६ ॥ एक दिन तो अच्छे मुहूर्त्तमें अपना संकेत यादकर तप्तताम्रलोचन वाला वक्र भृकुटिसे कुटिल मुख

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वायुवेगं समास्थाय सोऽसुरः क्रोधमूर्च्छितः ।
जगाम द्वारकां रम्यां रत्नाहरणहेतुना ॥ ३२ ॥
त्वरेणाऽऽसाद्य तं देशं रत्नाहरणलालसः ।
हरणोपायमालोक्य तस्थावसुरसत्तमः ॥३३॥
ततो निद्रावशगते जने पुरनिवासिनि ।
प्रद्युम्ने विभवासक्ते प्रभावत्या सहैव तु ॥३४॥
मन्त्रजापपरोभूत्वा स्थिते च मधुसूदने ।
राहुणा शशिनि ग्रस्ते संसर्गाविमलत्विषि ३५
प्रद्युम्नरूपमास्थाय सत्वरोऽसुरसत्तमः ।
प्रविवेश महाबाहू रत्नागारं मनोरमम् ॥ ३६ ॥

वाला दैत्यराज सज्जित होकर कवच धारण कर हाथमें खड्ग एवं धनुष लेकर सिंहके समान कन्धोंवाला विशाल छाति वाला बल तथा शौर्यसे युक्त वह असुर क्रोधसे चूर होकर वायुवेगसे रत्न हरण करने के लिए रमणीय द्वारका को चल दिया ॥३०-३१-३२॥ तुरन्त उस द्वारकामें जाकर रत्नहरणकी इच्छावाला वह असुर श्रेष्ठ हरणका उपाय देखता हुआ बैठा ॥ ३३ ॥ उसके बाद पुर वासियोंके निद्रावश होजाने पर, प्रभावतीके साथ प्रद्युम्नके वैभवासक्त हो जाने पर, कृष्णके मन्त्रजपमें तत्पर हो जाने पर राहुके द्वारा चन्द्रग्रहण हो जानेसे तमः संसर्गसे चन्द्रमाके मलिन

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

निवारितोऽपि यत्नेन सर्वैस्तद्रत्नपालकैः ।
त्वरया रत्नमादाय निर्ययौ स तदालयात् ॥३७॥
अथ हृष्टमना भूत्वा लब्धरत्नो महाजवः ।
क्रमेण हिमवत्कुक्षिं प्राप्तवानसुराधिपः ॥ ३८ ॥
ततो विनिक्षिप्य स कच्छपासुरे,
प्रकामदं रत्नमनल्पदीधिति ।
विवेश रम्यं भवनं महासुरो,
विचित्ररत्नाङ्कुररश्मिरञ्जितम् ३६

इति श्रीवाग्वतीप्रशंसायां प्रद्युम्नविजये रत्नापहारो नामाऽष्टमोऽध्यायः ॥

हो जाने पर महाबाहु, असुरश्रेष्ठ (महेन्द्रदमन) ने प्रद्युम्नका रूप धारण कर तुरन्त ही मनोरम रत्नागारमें प्रवेश किया ॥ ३४-३५-३६ ॥ समस्त रत्न रक्षकोंके यत्न पूर्वक रोकने पर भी तुरन्त रत्न लेकर वह उस रत्नकोषसे निकल गया ॥ ३७ ॥ अब रत्न प्राप्त कर प्रसन्न मनसे प्रचण्ड वेगसे क्रमशः वह असुरराज हिमालयकी कुक्षिमें पहुँचा ॥ ३८ ॥ यहाँ आकर उस महासुर महेन्द्रदमनने प्रशस्त कान्तिवाले समस्त मनोरथ साधक उस दंष्ट्ररत्नको कर्कोटक ह्रदवासी कच्छपासुरके पास निक्षेप (न्यास नासो धरोहर) रख कर विचित्र रत्नोंके अङ्कुरोंकी रश्मियोंसे रञ्जित रम्य भवनमें प्रवेश किया ॥ ३६ ॥ २६१ ॥

अष्टम अध्याय समाप्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुलस्त्य उवाच—

ततो मुमोच शशिनं स्वग्रस्तं सिंहिकात्मजः ।
जगाम रजनी चैव क्षयं चन्द्रांशुना सह ॥ १ ॥
निद्रासुखविनिर्मुक्ता बभूवुः पुरवासिनः ।
रराज भगवान् सूर्यः कमलोत्पलहासनः ॥ २ ॥
ततः प्रभातसमये भगवान् मधुसूदनः ।
दंष्ट्ररत्नस्य पूजार्थं प्रविवेश तदालयम् ॥ ३ ॥
प्रवेशाऽनन्तरं शीघ्रं विनिष्क्रम्य तदालयम् ।
पप्रच्छ स महाबाहुस्तत्रस्थान् रत्नपालकान् ४

श्रीकृष्ण उवाच—

भोरत्नपालका यूयं क्व गतं रत्नमुत्तमम् ।
वाक्यं भगवतः श्रुत्वा प्रणम्याऽञ्जलिकारिणः ५

पुलस्त्य बोले— उसके पश्चात् सिंहिकाके पुत्र राहुने अपने ग्रास किये हुए चन्द्रमाको मुक्त किया और चन्द्रकिरणों के साथ ही रात्रि भी बीत गई ॥ १ ॥ पुरवासी लोग निद्रासे जागे, कमलोंको हँसानेवाले सूर्य भगवान् उदित हुए ॥ २ ॥ उसके अनन्तर प्रभातकालमें भगवान् मधुसूदनने दंष्ट्ररत्नकी पूजा करने को उस भवनमें प्रवेश किया ॥ ३ ॥ प्रवेशके अनन्तर ही शीघ्र उस मन्दिरसे निकल कर महाबाहु कृष्ण ने वहाँ विद्यमान रत्नरक्षकों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

ईदृशं वचनं प्राहुस्तत्रस्था रत्नपालकाः ।
एकेनाऽऽगत्य शर्वर्यां प्रगाढायां चतुर्भुज ॥ ६ ॥
प्रविष्टं तव पुत्रेण प्रद्युम्नेन तदालये ।
एवमुक्तवतां तेषां श्रुत्वा वाक्यमसंशयम् ॥ ७ ॥
प्रद्युम्नं त्वरयाऽऽहूय पप्रच्छ भगवान् हरिः ।
हृतं तद्रत्नकं पुत्र त्वयाऽऽज्ञा मम नास्ति हि ८
रात्रौ विशेषतोऽस्माकं प्रयच्छस्व तु तत् पुनः ।
न मया विधृतं तात रत्नजातं कदापि च ॥ ९ ॥

को पूछा ॥४॥ श्रीकृष्ण बोले— क्या तुम लोग रत्नपाल हो? कहाँ गया उत्तम रत्न? इस प्रकार भगवान् का वाक्य सुनकर प्रणाम कर अञ्जलि बाँध कर वहाँ स्थित रत्नपालक इस प्रकारका वचन बोले— हे चतुर्भुज! गाढअन्धकारमय रात्री में तुह्मारे पुत्र प्रद्युम्नने अकेलेने आकर इस रत्नकोशमें प्रवेश किया था, इस प्रकार उनके निःसंशय वाक्य सुन कर तुरन्त ही प्रद्युम्नको बुला कर भगवान् हरिने पूछा— हे पुत्र! वह रत्न तुमने चोरा है? हमारी आज्ञा तो नहीं है ॥५-६-७-८॥ विशेषतः रात को हमारी यहाँ आनेकी आज्ञा नहीं है, रत्न लौटा दो। इस पर प्रद्युम्नने कहा— पिताजी! मैने कदापि रत्न नही लिया मैं आपके आगे यह सत्य कहता हूँ। इस प्रकार यत्नसे पूछे जाने पर पुत्रके बचन सुनकर मुहूर्त पर्यन्त ध्यान लगाकर भग-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सत्यमेतन्मया व्यक्तं भवदग्रे निगद्यते ।
पुत्रस्य वचनं श्रुत्वा पृच्छयमानस्य यत्नतः १०
मुहूर्तं ध्यानमास्थाय भगवानिदमब्रवीत् ।
जानामि वीर हेपुत्र दुष्टं रत्नापहारिणम् ॥११॥
रूपं तव समास्थाय हृतं देवेन्द्रशत्रुणा ।
हत्वा दैत्यं दुरात्मानं दंष्ट्रारत्नापहारिणम् ॥१२॥
पूरणीयस्त्वया पुत्र देवेन्द्रस्य मनोरथः ।
गन्तव्यमस्माद् हेपुत्र जयार्थेनाऽऽत्मनस्त्वया १३
वधूं प्रभावतीञ्चैव नेष्यसि प्रियकांक्षिणीम् ।
अहमप्यागमिष्यामि सन्द्रष्टुं निधनं रिपोः १४
गङ्गादर्शनकांक्षिण्या वाग्वत्याश्च प्रमोक्षणात् ।

वान् यह कहने लगे — हे वीर पुत्र ! रत्नहरण करने वाले दुष्टको जानता हूँ ॥ ९-१०-११ ॥ तुह्मारा रूप धरकर इन्द्रशत्रु ने रत्न हरण किया है । दंष्ट्रारत्नहारक दुष्ट दैत्यको मारकर हे पुत्र ! तुमको देवेन्द्रका मनोरथ पूर्ण करना होगा । हे पुत्र ! इससे तुमको अपने विजयके लिए जाना चाहिए ॥ १२-१३ ॥ वधू प्रभावतीको भी लेजावो, यह तुह्मारी भलाई चाहती है । शत्रुका नाश देखनेके लिए मैं भी आउँगा ॥ १४ ॥ गङ्गाका दर्शन करनेकी इच्छावाली वाग्वतीकी बन्धन मुक्तिसे इन्द्र तुह्मारी

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तवैव हि जयो नित्यं देवराजावधार्यते ॥१५॥
पूजार्थं त्रिदशैः सार्धं स च व्यक्तं समेष्यति ।
इत्युक्त्वा भगवान्विष्णुर्देवकार्यहिते रतः १६
विस्मयोत्फुल्लनयनं पार्श्वस्थं मुनिमब्रवीत् १७

श्रीकृष्ण उवाच

सर्वं मद्वचनं ब्रूहि सहस्राक्षं महामुने ।
दैत्येन्द्रनिधनं द्रष्टुमायातव्यमिति स्वयम् ॥१८॥
तस्य वाक्यावसाने तु पितुर्मकरकेतनः ।
प्रणम्य शिरसा पादावारुरोह रथोत्तमम् ॥१९॥
ततो रथवरारूढः खड्गबाणधनुर्धरः ।
पठद्भिर्द्विजैः शीघ्रं जयाशीर्भिः प्रपूजितः २०

विजय चाहता है ॥ १५ ॥ समस्त देवताओंको साथ लेकर वह अवश्य पूजाके लिए आवेगा । इतना कहकर देवकार्य तत्पर विष्णुने विस्मयसे प्रफुल्ल नेत्रवाले पार्श्ववर्ती मुनिको कहा ॥ १६–१७ ॥ श्रीकृष्ण बोले— हे महामुने ! मेरा यह सब समाचार इन्द्रसे जाकर कहो, दैत्येन्द्रवध देखने के लिए स्वयं आना चाहिए इत्यादि ॥ १८ ॥ पिता के वाक्यके अन्तमें मीनकेतु कामदेव (प्रद्युम्न) चरणोंमें शिरसे प्रणाम कर उत्तम रथ पर आरूढ हुए ॥ १९ ॥ उसके पश्चात् शीघ्र ही उत्तम रथमें बैठकर,

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रयातो रथवर्येण कामगेन यदृच्छया।
प्रहृष्टः पीवरोरस्कः प्रियालिङ्गनलालितः ॥२१॥
विलोक्य धरणीं रम्यां सरिच्छतविभूषिताम्।
प्रद्युम्नो रूपिणां श्रेष्ठ इदंवचनमब्रवीत् ॥ २२॥
वितस्ता देविका सिन्धुः शतद्रुः सरिदुत्तमा।
एताः पश्य तु सुश्रोणि पृथिव्या हारसन्निभाः २३
कुरुक्षेत्रस्य मध्येन गच्छन्ती पश्चिमोदधिम्।
एषा सरस्वती रम्या पुण्यतीर्थशतानुगा २४
एषा विलोक्यतां देवि पावनी पृथिवीतले।
ग्रथितोत्पलमालेव भ्राजन्ती यमुना नदी २५

हाथमें खड्ग बाण धनुष धारण कर, वेद पाठ करते हुए द्विजों के जयकार आशीर्वाद आदियोंसे पूजित होकर, रथी की इच्छानुकूल चलनेवाले उत्कृष्ट रथसे प्रस्थान करते हुए प्रसन्न हृदय विशाल छातीवाले प्रियालिङ्गनसे लालित रूपधारियोंमें श्रेष्ठ प्रद्युम्न सैकडों नदियोंके हारोंसे अलङ्कृत रमणीय धरणी का अवलोकन कर यह वचन बोले ॥ २०–२१–२२ ॥ हेसुश्रोणि ! देखो, ये पृथ्वीके हारोंके सदृश वितस्ता (विपाशा व्यासा) देविका (रानी) सिन्धु शतद्रु (शतरुद्रा शतलज) आदि उत्तम नदियां हैं ॥ २३ ॥ कुरुक्षेत्रके मध्यसे होकर पश्चिम समुद्रको जाती हुई सैकडों पुण्यमय तीर्थोंवाली यह रम्य सरस्वती है ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सोममण्डलसम्भूता निर्मलांशुकसन्निभा ।
एषा सन्दृश्यते भद्रे गङ्गा त्रैलोक्यपावनी ॥२६॥
उपस्पृष्टजला पुण्या नैमिषारण्यवासिभिः ।
रम्या दृषद्वती चापि गोमती चापि दृश्यते २७
एषा सन्दृश्यते देवि सरयू लोकपावनी ।
यामाश्रित्य दिवं यातो रामो दशरथात्मजः २८
गौरीगण्डस्थलोद्भूता कालाभ्रस्य रसोपमा ।
एषा विभाति सुश्रोणि गण्डकी सरिदुत्तमा २९
शैलमालानिरुद्धाङ्गी ह्रदीभूता मनोरमा ।
एषा सन्दृश्यते देवि वाग्वती लोकपावनी ३०

२४॥ हे देवि! पृथ्वीतलमें गुँथी हुई नीलकमलोंकी मालाके तुल्य शोभावाली इस पवित्र यमुना नदीको देखो॥ २५ ॥ हेभद्रे! चन्द्रमण्डलसे प्रादुर्भूत निर्मल दुकूलके तुल्य धवल त्रैलोक्य-पावनी यह भागीरथी गङ्गा दिखाई देती है॥ २६॥ नैमिषारण्य निवासियोंसे आचमन किये गये जलवाली पवित्र एवं रमणीय दृषद्वती तथा गोमती दिखाई देती है ॥२७॥ हेदेवि! यह लोकपावनी सरयू दिखाई देती है, जिसका आश्रय लेकर महा-राजा दशरथके राजकुमार रामभद्र स्वर्ग पधारे॥ २८॥ हेसु-श्रोणि! गौरीके गण्डस्थलसे उद्भूत काले अञ्जनके रस तुल्य

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भवत्या ऽध्यासितः पूर्वं गौर्याराधनहेतुना ।
प्रणम्यतां त्वया भद्रे मृगेन्द्रशिखरो गिरिः ३१
इत्युक्त्वा रथमुत्सृज्य प्रद्युम्नो रूपिणां वरः ।
प्रविवेश सरः पुण्यं वाग्वतीजलपूरितम् ॥३२॥
ततः सरस्युन्मदहंससारसे,
विहृत्य कामः कुसुमौघशोभिते ।
गिरौ मनोज्ञे निषसाद केशविः
प्रभावतीविभ्रमवीक्षिताननः ३३

इति श्रीवाग्वतीप्रशंसायांप्रद्युम्नविजये उद्योगवर्णनो नाम नवमोऽध्यायः॥

यह नदियों में उत्तम गण्डकी शोभमान है ॥२६॥ यह शैलमालासे रुक कर मनोहर सरोवर बनी हुई लोकपावनी वाग्वती दिखाई देती है ॥ ३०॥ हेभद्रे! गौरीकी आराधनाके हेतुसे तुमने पहले जहाँ पर निवास किया था, उस मृगेन्द्रशिखर पर्वत को प्रणाम करो ॥३१॥ इतना कह कर रथ से उतर कर रूपशालियों में श्रेष्ठ प्रद्युम्न ने वाग्वती के जल से पूर्ण पवित्र सरोवर में प्रवेश किया ॥३२॥ तदनन्तर नानाप्रकारके कमल कुमुद कुसुमोंसे शोभित, उन्मत्त कलहंस सारस आदि जलचर पक्षियों से कल्लोलित, वाग्वती सरोवर (नागह्रद नेपाल) में विहार कर प्रभावती के द्वारा विलास विभ्रम से देखे गये मुखवाले केशवपुत्र कामदेव (प्रद्युम्न) मनोज्ञ पर्वत (मृगेन्द्रशिखर) पर बैठे ॥ ३२॥ नवम अध्याय समाप्त ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

पुलस्त्य उवाच—

अथ पङ्कजकिञ्जल्ककपिलीकृतविग्रहम् ।
शरदातपसंपर्कजातश्रमविवर्जितम् ॥ १ ॥
गिरेर्मनोरमे मूर्ध्नि निषण्णं मकरध्वजम् ।
सा विग्रहवती भूत्वा वाग्वती वाक्यमब्रवीत् २
ज्ञात्वा चन्द्रावतीं देवीं मद्धस्ते प्रतिपादिताम् ।
क्रुध्यते शक्रदमनो ज्वलत्कोपानलाकुलः ॥३॥
अतस्तस्य भयत्रस्तः सूर्यकेतुर्नराधिपः ।
मन्त्रजापेन घोरेण ध्यायते हि जयं तव ॥ ४ ॥
युद्धेऽपमातितस्तेन दैत्येन्द्रेण दुरात्मना ।
तवैव हि जयं नित्यं ध्यायते त्रिदशाधिपः ॥५॥

पुलस्त्य बोले— इसके अनन्तर कमलों के केशर से कपिल-वर्ण शरीरवाले शरद ऋतु के आतप के संपर्क से उत्पन्न परिश्रम से रहित, पर्वत के मनोहर शिखर पर बैठे प्रद्युम्न से वह शरीरधारिणी हो कर वाग्वती बोली ॥ १–२॥ चन्द्रावती देवी को मेरे हाथ में सौंपी हुई जान कर जाज्वल्यमान क्रोध की अग्नि से आकुल व्याकुल हुआ महेन्द्रदमन मुझ पर रिस करता है ॥ ३ ॥ इसलिए इसके भय से त्रस्त होकर राजा सूर्यकेतु अघोर मन्त्र का जप करता हुआ तुम्हारा जय मनाता है ॥ ४ ॥ दुरात्मा उस

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

दीर्घकालं निरुद्धाङ्ग्या विरोधाङ्गरुजार्तया ।
मयाऽपि सततं बीर ध्यायते विजयस्तव ॥६॥
भगिन्या हरणे नूनमागतं परिशङ्कितम् ।
शरचापौ समुद्यम्य चन्द्रकेतुः प्रतीक्षते ॥७॥
तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा वाग्वत्या बलिनां वरः ।
प्रद्युम्नो रुक्मिणीसूनुरिदं वचनमब्रवीत् ॥ ८ ॥
दंष्ट्रारत्नापहरणं यः करोति सुदुष्करम् ।
हरणे चन्द्रवत्याश्च येन बुद्धिर्निवेशिता ॥ ९ ॥
भविष्यति बधस्तस्य निश्चयान्मम बाहुना ।
तथापि द्रष्टुमिच्छामि रिपो रूपं दुरात्मनः १०

दैत्य से युद्ध में अपमानित होकर इन्द्र भी नित्य तुह्मारा ही जय चाहता है ॥५॥ दीर्घ काल से निरुद्ध अङ्गवाली तथा विराध राक्षस के अङ्ग के मथन से पीडित मैं भी हे बीर! सदा तुह्मारा ही जय मनाती हूँ ॥ ६ ॥ बहिन के हरणार्थ आए हुए महेन्द्रदमन से शङ्कित होकर राजा चन्द्रकेतु धनुर्बाण धारण कर प्रतीक्षा कर रहा है ॥ ७॥ उस वाग्वती के उस वचन सुन कर बलियों में श्रेष्ठ रुक्मिणी पुत्र प्रद्युम्न यह वचन बोले ॥ ८॥ जो दुष्कर दंष्ट्रारत्न का अपहरण करता है, एवं जिस ने चन्द्रावती के हरण में भी ध्यान दिया है; उसका बध निश्चय मेरे बाहु से होगा ।

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रमोदोद्धतमानसा ।
सा विग्रहवती देवी वाग्वती वाक्यमब्रवीत् ११
इहैष्यति महाबाहो निश्चयं शक्रतापनः ।
द्रष्टुं चन्द्रावतीं मोहात्कृतकौतूहलाकुलः ॥१२॥
ततस्तस्मिन् क्षणे पुण्ये विरहातुरमानसः ।
निर्ययौ स्वबिलाद्रम्यान्महेन्द्रदमनो नृपः ॥१३॥
दैत्येन्द्रमागतं दृष्ट्वा विरहातुरमानसम् ।
कृत्वा चन्द्रावतीरूपं तस्थौ मकरकेतनः ॥१४॥
ततः प्रभावती देवी समुत्थाय ससम्भ्रमा ।
विनयेनाऽञ्जलिं कृत्वा दैत्यन्द्रमिदमब्रवीत् १५

तथापि एक वार उस दुरात्मा शत्रु का रूप देखना चाहता हूँ ॥ ९-१०॥ प्रद्युम्न के उस वचन को सुन कर आनन्द से प्रफुल्ल-चित्तवाली शरीरधारिणी देवी वाग्वती वह वाक्य बोली ॥११॥ हेमहाबाहो! मोह से उत्पन्न कौतुक से व्याकुल महेन्द्रदमन चन्द्रावती को देखने के लिए अवश्य यहीं आवेगा ॥ १२ ॥ इसके पश्चात् पुण्य समय में विरह से आतुरचित्तवाला महेन्द्रदमन अपने रमणीय विल से निकला ॥ १३ ॥ विरह से आतुरचित्तवाले दैत्यन्द्रको आया हुआ देख कर मकरकेतु प्रद्युम्म चन्द्रावती का रूप धारण कर बैठे रहे ॥ १४ ॥ उसके आते ही प्रभा-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सखी चन्द्रावती देवी त्वद्गुणौघ-विमोहिता।
प्रमाणं कुरुते नाथ लज्जया व्यथितेन्द्रिया १६
ततो भ्रूचापनिर्मुक्तैरपाङ्गेषुभिरुच्चकैः।
विभेद हृदयं तस्य प्रद्युम्नः कामरूपधृक् ॥१७॥
दृष्ट्वा चन्द्रावतीं देवीं सानुरागानुवर्त्तिनीम्।
प्रफुल्लनयनां राजा चेदृशं वाक्यमब्रवीत् ॥१८॥
पतिं मां प्राप्य सुश्रोणि त्रैलोक्याधिपतिं प्रभुम्।
भोक्ष्यसे विपुलान् भोगांस्त्वं हि मर्त्येषु दुर्लभान् १६
एह्येहुत्पलपत्राक्षि क्रीडार्थं बहुभिर्गुणैः।

वती देवी सहसा उठकर वियपूर्वक अञ्जलि बाँध कर दैत्यन्द्र से यह कहने लगी ॥ १५ ॥ हे नाथ! सखी चन्द्रावती देवी तुम्हारे गुणों के तरङ्गों से माहित होकर लज्जा से व्यथित इन्द्रियवाली तुमको प्रणाम करती है ॥ १६ ॥ इतना कहते ही कामरूपी प्रद्युम्न ने भृकुटीरूपी धनुष से मुक्त अपाङ्गरूपी बाणों से उसके हृदयका भेदन कर डाला ॥ १७ ॥ प्रफुल्ल नेत्रवाली चन्द्रावती देवी को अनुराग से अनुवर्तिनी देख कर राजा इस प्रकार के वचन बोला ॥ १७ ॥ हेसुश्रोणि! त्रैलोक्य को अधिपति समर्थ मुझको पति प्राप्त कर तुम मर्त्यलोकों में दुर्लभ अनेक भोगोंको भोगोगी ॥ १६ ॥ हेकमलदलविशाललोचने! बहुत से गुणों से सुप्रभाभवन स्वर्गसमान अतिरम्य है क्रीडार्थ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुप्रभाभवनं रम्यं गन्तव्यं स्वर्गसन्निभम् ॥२०॥
मम कान्ताशतं श्रुत्वा भीतामाभूर्वराङ्गने ।
त्वां विमुच्य न चाऽन्यासां मुखं पश्यामि सुन्दरि २१
इत्युक्तवति दैत्येन्द्रे कन्यारूपी स केशविः ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं सान्तर्हासः स्मितानन: २२
त्वद्वाक्यमीदृशं पुण्यं यदि सत्यं नराधिप ।
कथं नेच्छामि पत्नीत्वं राजभोगंच शाश्वतम् २३
वर्तते हृदयं नूनं सततं त्वयि भूपते ।
तथापि नैतुमिच्छामि बलाद्बलवतां वर ॥२४॥
विधिनेह समागत्य ममाऽर्थेन समादरात् ।

आवो चलो ॥ २०॥ हेवराङ्गने! मेरी सौ स्त्रियों को सुन कर भयभीत मत होना, तुम को छोड कर हेसुन्दरी! औरों का मुख तक नहीं देखूंगा ॥ २१॥ दैत्यन्द्र के इतना कहने पर कन्यारूपी प्रद्युम्न मन २ में हँसते हुए प्रसन्न मुख से इस प्रकार का वाक्य बोले ॥ २२ ॥ हेराजन्! तुह्मारा यह पुण्यमय वचन यदि सत्य है तो तुह्मारा पत्नीत्व एवं शाश्वत राजभोगों को क्यों न चाहूँगी? ॥ २२ ॥ हेभूपते! हृदय तो सदा तुम में अवश्य है, तथापि हेबलियों में उत्तम! बलात्कार से तो जानेकी इच्छा नहीं है ॥ २४॥ हेमहाबाहो! मेरे लिए आदर एवं विधिपूर्वक यहाँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्रार्थनीयो महाबाहो पिता मे तपसां निधिः २५
तस्यास्तद्वचनं श्रुत्वा विस्मयोत्फुल्ललोचनः ।
मनोमोहपरो राजा भगिनीमिदमब्रवीत् ॥२६॥
यथा नाऽन्यत्र हृदयं चन्द्रावत्याः प्रजायते ।
तथा विधीयतां पुत्रि निशामेकां प्रयत्नतः २७
श्वः समागत्य विधिना सम्प्रार्थ्य पितरं स्वयम् ।
वरयिष्यामि सुश्रोणि विवाहे वरसुन्दरीम् २८
इत्युक्त्वा स्वगतं धैर्यमवलम्ब्य महासुरः ।
निर्ययौ स्वबिलं रम्यं रत्नरश्मिप्रदीपितम् ॥२९॥
गतमिन्द्ररिपुं दृष्ट्वा प्रद्युम्ने विगतज्वरे ।
ययौ सन्ध्याख्यया सार्धं रन्तुमस्ताचलं रविः ३०

आकर तपोनिधि मेरे पिता से प्रार्थना करो ॥ २५ ॥ उस के उस वचन को सुन कर विस्मय से प्रफुल्ललोचनवाला राजा मोहित मन से बहिन से यह कहने लगा ॥ २६ ॥ हेपुत्रि ! चन्द्रावती का मन जिस से अन्यत्र न जाये, ऐसी विधि एक रात के लिए प्रयत्न से करो ॥ २६ ५ कल स्वयं आकर विधि-पूर्वक पिताजी से प्रार्थना कर के हेसुश्रोणि ! श्रेष्ठ सुन्दरी को विवाह में वरण करूँगा ॥ २८ ॥ इतना कह कर महान् असुर अपने धैर्य का अवलम्बन कर रत्नों के किरणों से प्रदीप्त एवं

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विहाय धरणीं तापश्चक्रवाकमनो ययौ ।
बभूव कुङ्कुमाताम्रं वारुणीगगनस्थलम् ॥ ३१ ॥
कमलात्कुमुदं रम्यं निर्ययावलिसंहतिः ।
रुरोध जगदालोकं तिमिरञ्च तदा शनैः ॥३२॥
बभूवुर्निद्रया ग्रस्ताः प्राणिनोऽद्रिनिवासिनः ।
रराज भगवांश्चन्द्रः प्रदीप्तधरणीधरः ॥ ३३ ॥
ततोऽङ्कमध्यमारोप्य राजपुत्रीं प्रभावतीम् ।
प्रद्युम्नो रूपिणां श्रेष्ठ इदंवचनमब्रवीत् ॥ ३४ ॥
कान्तिमान् नयनानन्दजननो मतिमोहनः ।
प्रयाति पश्य पूर्णेन्दुस्त्वद्वक्त्रस्योपमां प्रिये ३५

रमणीय अपने बिल में चला गया ॥ २६ ॥ इन्द्र शत्रु को गया देख कर प्रद्युम्न के सन्ताप रहित होजाने पर सूर्य भी सन्ध्या के साथ रमण करने अस्ताचल को चले गये ॥ ३० ॥ धरणी को त्याग कर ताप चकोर के मनमें गया, वरुण दिशाका गगन-स्थल भी कुङ्कम के समान ताम्र वर्ण हो गया ॥ ३१ ॥ भँवरे संकुचित कमलों को छोड कर विकसित रम्य कुमुदों पर गये, और उस समय शनैः२ अन्धकार ने संसार के आलोक को रोक दिया ॥ ३२ ॥ पर्वतवासी समस्त प्राणि गण निद्रा से ग्रस्त हो गये, धरणीतल तथा धरणीधर को चाँदनी से प्रदीप्त करते हुए

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

संकुचत्पत्रनिकरं विहाय कमलोत्पलम् ।
प्रयाति मधुलिण्माला विकसत्कुमुदोदरम् ३६
भृङ्गराजभराभग्नकेसरं कुमुदं प्रिये ।
पीताधरमिवाभाति रत्यन्ते कामिनीमुखम् ३७
मन्दमारुतविक्षेपैः प्रचलद्भिः सुकोमलैः ।
पल्लवाञ्जलिभिः पुष्पं क्षिपन्ति तरवः प्रिये ३८
स्मितपुष्पोद्गमोपेतं रुचिराधरपल्लवम् ।
भ्रूलतानृत्यललितमुद्यानमिव ते मुखम् ॥ ३९ ॥

भगवान् चन्द्रमा विराजमान हुए ॥ ३३ ॥ ऐसे समय में राजपुत्री प्रभावती को अङ्क में रख कर रूपशालियों श्रेष्ठ प्रद्युम्न ने यह वचन कहा ॥ ३४ ॥ प्रिये! देखो, कान्तिमान् नेत्रोंका आनन्दजनक मतिको मोहित करनेवाला पूर्ण चन्द्र तुह्मारे मुख का उपमान हो रहा है ॥ ३५ ॥ संकुचित पत्रोंवाले कमलों को त्याग कर मधुकरों की माला खिलते हुए कुमुदों के कोश में जा रही है ॥ ३६ ॥ प्रिये! भृङ्गराज के भार से भग्न केसरवाला कुमुद पीताधरोष्ठ रत्यन्त कामिनी के मुखके समान शोभा पा रहा है ॥ ३७ ॥ प्रिये! मन्द २ चलते मारुत के झोकों से प्रचलित सुकोमल पल्लवों की अञ्जलियों से वृक्षलता गण पुष्पांजलि दे रहे हैं ॥ ३८ ॥ मन्दस्मित के पुष्पविकास से युक्त, रुचिर अधर के पल्लववाला, भ्रूलता के नृत्य से सुललित, तुह्मारा मुख उद्यान

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

इत्युक्त्वा प्रियवाक्येन प्रियां प्रेमप्रवर्तकः ।
रमाम रुक्मिणीसूनू रम्ये गिरिवरे तदा ॥४०॥

ततः स्फुरत्पद्मपरागपिञ्जरा
तरङ्गमालारुचिरांशुकावृता ।
प्रभावती हंसकलप्रलापिनी
सरोरुहिण्या उपमानतां ययौ ४१

इति श्रीवाग्वतीप्रशंसायां प्रद्युम्नविजये प्रभावनीविनोदनो नाम
दशमोऽध्यायः ॥

पुलस्त्य उवाच —

ततो विवर्णे शशिनि प्रवाति मलयानिले ।
सम्प्राप्तं नारदं दृष्ट्वा प्रद्युम्नो वाक्यमब्रवीत् ॥१॥

के तुल्य है ॥ ३९ ॥ प्रियाको इतना कह कर प्रिय वाक्य से प्रेमप्रवर्तक रुक्मिणी सुत उस समय रम्य गिरिशिखर पर रमण करने लगे ॥ ४० ॥ तदनन्तर विकसित पद्म के पराग से पिञ्जर-वर्ण, तरङ्गोंकी मालारूपी रुचिर अंशुक से आच्छन्न, हंसों (नूपुर तथा पक्षी) के कलरव का प्रलाप करनेवाली प्रभावती कमलिनी की उपमान हुई ॥ ४१ ॥ दशम अध्याय समाप्त ।

पुलस्त्य बोले— तदनन्तर चन्द्रमा के विवर्ण हो जाने पर, मन्द मलयानिल के चलने पर आये हुए नारद को देख कर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कथं जेयः स देवर्षे दानवेन्द्रः सुदुर्जयः ।
अत्यक्तबालभावेन स्वल्पवीर्येण वै मया ॥ २ ॥
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रद्युम्नस्य महात्मनः ।
अब्रवीदीदृशं वाक्यं भगवान् नारदो मुनिः ३
जेष्यसि त्वं महाबाहो दानवेन्द्रं सुदुर्जयम् ।
ब्रह्मणो वचने पुण्ये विपरितं न विद्यते ॥ ४ ॥
ब्रह्मणो वचनादेव दैत्येन्द्रेण दुरात्मना ।
जितं लोकत्रयं पूर्वं लोकपालाभिरक्षितम् ॥५॥
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा महर्षेरमितौजसः
कौतुहलपरो भूत्वा प्रद्युम्नो वाक्यमब्रवीत् ॥६॥
कस्मिन्नवसरे लब्धं ब्रह्मणो वचनं शुभम् ।

प्रद्युम्न यह वाक्य बोले ॥ १ ॥ हे देवर्षे ! वह दुर्जय दानव कैसे जिता जाय ? मैं बालक हूँ तथा दुर्बल हूँ । ॥ २ ॥ उस महात्मा प्रद्युम्न के उस वचन को सुन कर भगवान नारद मुनि इस प्रकार का वचन बोले ॥ ३ ॥ हे महाबाहो ! दुर्जय दानवेन्द्र को तुम जितोगे, ब्रह्मा के पुण्यमय वचन विपरीत नहीं हो सकते ॥ ४ ॥ ब्रह्मा के वचन से ही दुरात्मा दैत्येन्द्र ने लोकपालों से सुरक्षित तिनों लोकों को पहले जिता था ॥ ५ ॥ अनुपमतेज वाले उन महर्षि के उस वचन को सुन कर कौतू-

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कीदृशेन विधानेन जितं लोकत्रयं पुरा ॥ ७ ॥
स च कस्य सुतो दैत्यः श्रोतुमिच्छाम्यहं मुने ।
ज्ञाता त्वमसि सर्वेषां कार्याणाञ्च तपोधन ॥ ८ ॥
तस्य तद्वचनं श्रुत्वा प्रद्युम्नस्य महात्मनः ।
कथां मङ्गलसंयुक्तां कथयामास नारदः ॥ ९ ॥
राजा बाण इति ख्यातः शोणितापुरसुप्रियः ।
रोहिणी नाम विख्याता देवी तस्य महीपतेः १०
तस्या देव्या विशालाद्या गर्भादेव भयावहः ।
नृपतेस्तनयः श्रीमान् सुषुवेऽसुरसत्तमः ॥ ११ ॥

हल से प्रद्युम्न ने यह वाक्य कहा ॥ ६ ॥ किस समय ब्रह्मा का शुभ वचन प्राप्त किया ? और पहिले किस प्रकार के विधान से त्रिलोकी को जिता ? ॥ ७ ॥ हे तपोधन ! और वह दैत्य किस का पुत्र है ? हे मुनि ! मै सुनना चाहता हूँ। तुम सब कार्यों के ज्ञाता हो ॥ ८ ॥ महात्मा प्रद्युम्न के उस वचन को सुन कर नारद ने मङ्गल सहित कथा का कथन करना प्रारम्भ किया ॥ ९ ॥ शोणितपुर में प्रख्यात राजा बाण था, उस राजा की महारानी विख्यात रोहिणी नाम की थी ॥ १० ॥ विशालनेत्रा उस रोहिणी देवी के गर्भ से ही भयानक उस श्रीमान् राजा बाण का पुत्र असुरोंमें उत्तम उत्पन्न हुआ ॥ ११ ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

तस्य सञ्जातमात्रस्य प्रचचाल मही तदा ।
स्पन्दतेऽदक्षिणं चक्षुः सहस्राक्षस्य धीमतः १२
सञ्जातविस्मयैः शीघ्रं शास्त्रविद्भिर्महर्षिभिः ।
अग्रे परीक्षितं तस्य लक्षणं देहसंश्रितम् १३
इन्द्रस्य दमनं यस्तु करिष्यति महाबलः ।
इतीन्द्रदमनो नाम ख्यायते शास्त्रदर्शिभिः १४
वीर्येण वयसा चापि बभूवाऽत्यर्थसंश्रितः ।
किमर्थमजिते शक्रे मम नाम तथाविधम् १५
कृतं महर्षिभिरिति लज्जया व्यथितेन्द्रियः ।
सत्त्ववीर्यगुणोपेतस्तपसे कृतनिश्चयः ॥ १६ ॥
स पप्रच्छ गुरुं गत्वा ज्वलन्तं स्वेन तेजसा ।
गुरोर्गुरुतरं वाक्यं श्रुत्वा हृष्टो महासुरः ॥ १७॥

उस समय उस के जन्म लेते ही भूकम्प हुआ और बुद्धिमान् सहस्राक्ष इन्द्र का वाम नेत्र फर फरने लगा॥१२॥ आश्चर्य से चकित हुए शास्त्रज्ञ महर्षियों ने शीघ्र ही समक्ष में उस के देह के लक्षणों की परीक्षा की ॥ १३॥ जो महाबली इन्द्र का दमन करेगा, इसलिए शास्त्रदर्शी लोग इस को इन्द्रदमन (महेन्द्रदमन) कहते हैं ॥ १४॥ बल एवं सौन्दर्य का अत्यन्त आश्रय स्वरूप

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

रुद्रधारोदये तीर्थे चकार नियमैस्तपः ।
वर्षाणां हि सहस्राणि पञ्च चात्र वरेप्सया ॥१८॥
तपसाऽऽराधयामास भगवन्तं त्रिलोकपम् ।
प्रभावात्तपसस्तस्य समाकृष्टो जगद्गुरुः ॥१९॥
विमानेनाऽऽर्कवर्णेनाऽऽविरासीच्चतुराननः ।
ततः सम्भ्रममादाय प्रहृष्टोऽसुरसत्तमः ॥२०॥
ब्रह्माणं वरदं दृष्ट्वा चेदं वचनमब्रवीत् ।
सुरैरजेयमिच्छामि वरं दातुं त्वया प्रभो ॥२१॥

वह शोचने लगा– इन्द्र के दमन किये बिना मेरा नाम महर्षियों ने ऐसा क्यों रखा ? इस प्रकार लज्जा से व्यथितेन्द्रिय आत्म बल शारीरिक बल आदि गुणों से युक्त वह तपस्या के लिए निश्चय कर अपने तेज से प्रज्वलित गुरु के पास जाकर प्रश्न कर के गुरु के गुरुतर वाक्य को सुन कर प्रसन्न महासुर इस रुद्रधारोदय तीर्थ में यम नियम पूर्वक पाँच हजार वर्षों तक बर की इच्छा से तप करता रहा ॥ १५–१६–१७–१८ ॥ तपस्या से त्रिलोकी के पति भगवान् की आराधना की, उस के तप के प्रभाव से समाकृष्ट हो कर जगद्गुरु चतुर्मुख ब्रह्मा सूर्य तुल्य विमान से प्रकट हुए। तदनन्तर सहसा वह असुर श्रेष्ठ प्रसन्न हो कर ब्रह्माजीको वरद देख कर यह वचन बोला – हे प्रभो! इस समय आप यदि सन्तुष्ट हैं तो आपसे यही वर चाहता हूँ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

त्रैलोक्यविजयं चैव यदि तुष्टोऽसि साम्प्रतम् ।
ततो दैत्यवचः श्रुत्वा भगवांश्चतुराननः ॥२२॥
प्रफुल्लनयनो भूत्वा चेदं वचनमब्रवीत् ।
अजेयस्त्वं सुरैर्भूत्वा किन्तु स्वर्गनिवासिभिः २३
त्रैलोक्यविजयी चैव भविष्यसि महासुर ।
एवं सम्भाष्य तं दैत्यं तपस्थमसुरोतमम् ॥२४॥
विमानेनाऽम्बरतलं विवेश कमलोद्भवः ।
ततो लब्धवरो वीरो वीरनायकवेष्टितः ॥२५॥
परिवार्यासुरगणैरभिषिक्तो रराज ह ।
सामन्तैर्बहुभिः सार्धं मन्त्रिभिश्चानुयायिभिः २६

कि देवता लोग हम को जित न सके और मैं तिनों लोकों को जित लूं ॥ १६-२०-२१-२२॥ उस के बाद दैत्यके वचन श्रवण कर प्रफुल्लनेत्र भगवान् ब्रह्मा यह वाक्य बोले—तुम स्वर्गवासी देवों से अजेय हो कर हेमहासुर ! त्रैलोक्य विजयी भी होवोगे, तपःस्थ उस असुरोत्तम को ऐसा भाषण कर ब्रह्मा ने विमान में बैठ कर आकाश मण्डल में प्रवेश किया ॥ २३-२४-२५ ॥ उसके पश्चात् वर प्राप्त कर वह वीर नायकों से युक्त वीर अनेक सामन्त मन्त्री अनुयायी लोगों के साथ समस्त असुरगणों से राज्य में अभिषिक्त हो कर विराजमान हुआ ॥ २६ ॥ उसने इन्द्र की सभा में

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

कूष्माण्डं प्रेषयामास देवेन्द्रस्य तु संसदि ।
गत्वा शक्रसभामध्ये सत्वरोऽसुरदूतकः ॥२७॥
अब्रवीदीदृशं वाक्यं कूष्माण्डो घोरविक्रमः ।
प्रदत्तं ब्रम्हणा राज्यं मम भर्त्रे पुरन्दर ॥ २८॥
राज्यानि वीरभोग्यानि त्यक्तुमस्मात्त्वमर्हसि ।
दूतस्य वचनं श्रुत्वा रोषाद्रक्तविलोचनः ॥२९॥
अब्रवीदीदृशं वाक्यं भगवान् पाकशासनः ।
राज्यं त्यक्तुं न पश्यामि विना युद्धेन दानव ३०
राज्यानि वीरभोग्यानि वीर्यं तद्द्रष्टुमर्हसि ।
इत्युक्तस्य सुरेन्द्रस्य वाक्यं सङ्ग्रामसूचकम् ३१

कूष्माण्ड नामक असुर को राजदूत कर भेजा, और तुरन्त ही वह घोरविक्रम कूष्मान्ड दूत इन्द्र सभा में जा कर इस प्रकार के वचन बोला— हेइन्द्र ! ब्रह्मा ने राज्य मेरे राजा को दिया है, राज्यों का भोग वीर ही कर सकते हैं (वीरभोग्या वसुन्धरा) इस लिए तुम छोड दो ॥ २७-२८-२९ ॥ दैत्य दूत के वचन सुन कर रोष से रक्तनेत्र भगवान् इन्द्र इस प्रकार के वचन बोले ॥ ३० ॥ हेदानव ! विना युद्ध के राज्य को त्याग देने का कोई कारण नहीं देखता हूँ । हाँ, राज्य वीर भोग्य अवश्य है, तुम वीर्य देख सकते हो ॥ ३१ ॥ इस प्रकार इन्द्र के संग्राम सूचक

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

वाल्मीकिविद्यापीठपुस्तकालयः

प्रत्यावर्तनतिथिः

- ५ आश्विन २०४०		
२५ चैत्र २०४५		

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Acc. No ३६३०
Class No ... ... Book No ... ...
Author
Title पशुपति पुराण

Due on	Borrower's Name	Returned on

महेन्द्र संस्कृत विश्वविद्यालय
वाल्मीकि विद्यापीठ
पुस्तकालय

३६३०

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu